# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024



# बधाई हो!

हीरे की जगह दागी हीरा
या काँच का टुकड़ा
खरीदने की.*

अधिक जानकारी के लिए पढ़ें अगला पेज...

Lifetime* Free Repair and Polish

ANAND®
Jewels

INDORE | BHOPAL | RAIPUR
Pandri, Raipur

100% Buy Back on Gold - Diamond - Polki Value

*शर्तें लागू,
सच्चा भाव, क्राउन लोगो और ब्रांड का नाम - सभी का Trademark & Copyright
आनंद ज्वेल्स, इन्दौर प्रा.लि. के अधीन रजिस्टर्ड है.

purplefocus.com

# बुरा मत मानना

मगर ऑफर्स के चक्कर में हीरा खरीदने
में कहीं आप ठगे तो नहीं गए*? **स्वयं आकर जाँचें!**



No Credit Card Charges
No additional handling charges on paying by credit or debit cards of any bank.

ANAND® Jewels

INDORE | BHOPAL | RAIPUR
**Pandri, Raipur**

HALLMARKED GOLD
BIS CERTIFIED JEWELLERS
BIS
100% HUID
BIS Certified Hallmarked Gold & Diamond Jewellery

*शर्तें लागू,
सच्चा भाव, क्राउन लोगो और ब्रांड का नाम - सभी का Trademark & Copyright
आनंद ज्वेल्स, इन्दौर प्रा.लि. के अधीन रजिस्टर्ड है.

आपका
हित
हमारी
प्राथमिकता

इसलिए आनंद ज्वेल्स लाए हैं, पहले दिन से ही हीरे में पारदर्शिता के साथ ही डायमंड टेस्टिंग लेब की सुविधा. यहाँ आप खुद ही हीरे की शुद्धता, क्लेरिटी, गुणवत्ता और आपका हीरा नेचरल है या लेब में बना हुआ भी जाँच सकते हैं. तभी आप जानेंगे आपके हीरे का सच.



FREE*
CUSTOMER DIAMOND TESTING MACHINE (LAB)
(Available at Showroom)

**Buy Only** Natural and Clear (VVS) Diamonds
**EF** White Colour (सफ़ेद) | **VVS** Insertion Free (साफ़)
As per International Diamond Standards

anand®
Jewels
INDORE | BHOPAL | RAIPUR
**Pandri, Raipur**

100%* Buy Back on Gold - Diamond - Polki Value

All Diamond Jewellery Certified by IGI

*शर्तें लागू.
सच्चा भाव, क्राउन लोगो और ब्रांड का नाम - सभी का Trademark & Copyright आनंद ज्वेल्स, इन्दौर प्रा.लि. के अधीन रजिस्टर्ड है.

purplefocus.com

## चिंतन

# विस चुनावों के जनादेश में सबके लिए संदेश

दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे में जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। त्रिशंकु मैंडेट की संभावना नहीं बनने दी। करीब दस वर्ष बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए, यहां जनता ने नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिया, तो हरियाणा ने सभी चुनावी पंडितों को चौंकाया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटीइन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी कर दिया। लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली भाजपा प्रदेश की पहली पार्टी बन गई है। बड़ी बात है कि वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौर से भी अधिक सीट भाजपा को वर्ष 2024 में मिली। वर्ष 2014 में भाजपा ने 47 सीट के साथ पूर्ण बहुमत हासिल किया था, तो इस बार 48 सीट लेकर बहुमत प्राप्त किया है। दोनों ही राज्यों के एग्जिट पोल झूठे साबित हुए। एग्जिट पोल जहां जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का दावा कर रहा था, वहीं हरियाणा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा दिखा रहा था। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था, इसमें भाजपा को जम्मू रीजन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फारूक अब्दुल्ला की पार्टी जेके नेशनल कान्फ्रेंस के गठबंधन को कश्मीर रीजन के अलावा जम्मू रीजन में भी सफलता मिली। इस सीमाई राज्य में हो सकता है आने वाले वक्त में नेशनल कान्फ्रेंस व भाजपा की करीबी बढ़े, वह इसलिए कि पूर्ण राज्य नहीं होने से केंद्र व राज्य शासन के बीच टकराव की स्थिति न बने। इस चुनाव नतीजे में भाजपा के लिए सबक है कि वह यहां पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में देर न करे। हरियाणा में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने मनमाफिक बिसात बिछाई थी, वे कांग्रेस की जीत के प्रति आश्वस्त थे, लेकिन हुड्डा एक बार फिर हरियाणा में भाजपा के चक्रव्यूह को नहीं भेद सके। वर्ष 2014 में हुड्डा ने भाजपा के हाथों सत्ता गंवाई थी, वर्ष 2019 में उनके चुनावी नेतृत्व में कांग्रेस 31 का आंकड़ा ही छू सकी थी और इस बार पूरी ताकत लगाने के बावजूद वे कांग्रेस को केवल 37 सीट दिलाने में ही कामयाब रहे, सत्ता इस बार भी उनसे दूर छिटक गई। अग्निवीर, पहलवान, किसान और रेवड़ी घोषणा पत्र कांग्रेस के काम नहीं आए। अब हरियाणा में कांग्रेस को नेता, नीति और नीयत तीनों ही मोर्चे पर काम करना होगा। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कंधे पर कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई है। हरियाणा को लेकर राहुल गांधी को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे कांग्रेस के जातिगत समीकरण भी फेल हो गए। भाजपा ने कम अनुभवी नए नवेले नायब सैनी के चेहरे के साथ कमाल का प्रदर्शन किया। भाजपा टीम की तरह एकजुट होकर लड़ी, संघ का पूरा साथ मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता ने समां बनाने में मदद की। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर से भरोसा जता कर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। इस जीत का संदेश महाराष्ट्र, झारखंड तक जाएगा, दिल्ली प्रदेश के विस चुनाव पर भी असर पड़ेगा। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है।

# हरियाणा-कश्मीर के नतीजे के बड़े मायने



**विधानसभा चुनाव**
उमेश चतुर्वेदी

> हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है। हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी। बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई।

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। वैसे जम्मू-कश्मीर में बीजेपी की हालत बहुत खराब भी नहीं कही जा सकती। लेकिन हरियाणा में जिस तरह उसने धमाकेदार जीत दर्ज की है, उससे राजनीतिक विश्लेषक चकित हैं। बीजेपी विरोधी आख्यान रचने वाला वर्ग तो इसके पीछे ईवीएम की साजिश पर चर्चा करने की तैयारी में है। हालांकि कांग्रेस के सिपहसालार बने चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इसे नकार दिया है। उनका कहना है कि कांग्रेस को सोचना होगा कि उसकी रणनीति में कहां चूक हो रही है। हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो




बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है।

दरअसल कांग्रेस की पूरी राजनीति राज्य के मुखर और दबंग जाट समुदाय के इर्द-गिर्द ही घूमती रही। राज्य में जाट समुदाय की आबादी करीब 23 फीसद है। भूपिंदर सिंह हुड्डा की अगुआई में कांग्रेस ने राज्य में 28 जाटों को उम्मीदवार बनाया, बल्कि सत्ता विरोधी आख्यान का शिकार रही बीजेपी ने महज सोलह जाट उम्मीदवार ही उतारे। उसने राज्य के 35 फीसद ओबीसी समुदाय और अपने पारंपरिक वोटर ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और यादव वोटरों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस को उम्मीद थी कि जाट और करीब 21 फीसद वाले दलित वोटरों का उसे समर्थन मिलेगा। लेकिन वह यहां पर चूक गई। किस समुदाय का किस पार्टी को कितना वोट मिला, इसका सटीक विश्लेषण तो बाद में होगा। लेकिन मोटे तौर पर लगता है कि जमीनी स्तर पर संघ और बीजेपी के कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ ही ओबीसी समुदाय के बड़े हिस्से के साथ ने पार्टी की राह आसान कर दी। हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी।

ये ताकतें यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी जीत न मिलने के बाद वे फिर भाजपा के नजरिए को गलत साबित करने की कोशिश करेंगे। जिस घाटी में पत्थरबाजी रुक गई, जहां आतंकी घटनाओं पर लगाम लगी, जहां ढाई दशक से पहले की तरह पर्यटकों की आमद बढ़ी, जहां अमन बढ़ा, वहां के लोग खुलकर कहते रहे कि उन्हें हिंदू राज नहीं चाहिए। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार की वजह से उन्हें ये सारी सहूलियतें मिलीं, राज्य में बदलाव आया।

विकास की नई बयार बही। घाटी के लोगों को न तो नरेंद्र मोदी पसंद हैं और न ही भारतीय जनता पार्टी। फिर कश्मीर घाटी में नवगठित विधानसभा की 47 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू इलाके में 43 सीटें हैं। घाटी की सीटों पर भाजपा की चुनावी संभावनाओं की कोई उम्मीद भी नहीं लगाए हुए था। चुनावी अभियान के दौरान वोटरों के जो विचार सामने आ रहे थे, उससे ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद थी। वैसे भी घाटी की 28 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार भी नहीं दिए थे। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का आंदोलन जिस प्रजा मंडल ने चलाया, उसका आधार जम्मू इलाके में ही रहा। वह एक तरह से भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ का ही हिस्सा था। देश मान कर चल रहा था कि जम्मू इलाके की 43 सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी की जीत होगी। लेकिन वहां बीजेपी 29 सीटें ही जीत पाई। जाहिर है कि 14 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। वैसे बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। वैसे पार्टी के लिए संतोष की बात यह भी है कि घाटी की कई सीटों पर उसके उम्मीदवार हजार-दो हजार वोटों के ही अंतर से हारे हैं...फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई कि अपने गढ़ में वह शत-प्रतिशत सफलता हासिल क्यों नहीं कर पाई।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य

डॉ. सत्यवान सौरभ



# एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का महामारी खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष 10 खतरों को जारी किया, जिनमें से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एआर) का बहुत बड़ा योगदान है। यह तपेदिक दवा प्रतिरोधी सूक्ष्म जीव के कारण हर साल 1.6 मिलियन मौतों के साथ है। एनवायरनमेंट इंटरनेशनल जर्नल द्वारा 'उच्च आर्कटिक मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र में एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन के चालकों को समझना' अध्ययन से पता चलता है कि कुल 131 एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीन (एआरजी) सामग्री का पता चला था, जिनमें से ब्लेन्डम -1 जीन, जो पहली बार 2008 में भारत में सतही जल में पाया गया था, केवल 11 वर्षों में आर्कटिक में फैल गया है। यह दर्शाता है कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का एक नया महामारी खतरा है। यह अब एक स्थानीय समस्या नहीं है और इसे वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में देखा जाना चाहिए। 'एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बेंचमार्क' नामक एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना एआर बैक्टीरिया के कारण दुनियाभर में 700,000 मौतें होती हैं। भारत में एंटीबायोटिक की खपत में वृद्धि देखी गई है - 2000 की तुलना में 2015 में लगभग 65 प्रतिशत, जबकि इसी अवधि में खपत की दर 3.2 से बढ़कर 6.5 बिलियन दैनिक निर्धारित खुराक (डीडीडी) हो गई है। जैविक और सामाजिक दोनों कारणों से सूक्ष्मजीव दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बन सकते हैं। जैसे ही वैज्ञानिक कोई नई रोगाणुरोधी दवा पेश करते हैं, इस बात की अच्छी संभावना होती है कि वह किसी समय पर अप्रभावी हो जाएगी। यह मुख्य रूप से सूक्ष्मजीवों के भीतर होने वाले परिवर्तनों के कारण होता है। कुछ दवाओं के उपयोग के लिए सिफारिशों का पालन न करने से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का जोखिम बढ़ सकता है। डॉक्टर कभी-कभी रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं, या वे व्यापक स्पेक्ट्रम रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं जब कोई विशिष्ट दवा अधिक उपयुक्त होती है। इन दवाओं का इस तरह से उपयोग करने से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध का जोखिम बढ़ जाता है। यदि कोई व्यक्ति रोगाणुरोधी दवाओं का कोर्स पूरा नहीं करता है, तो कुछ रोगाणु जीवित रह सकते हैं और दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, लोग कभी-कभी वायरल संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक लेते हैं। इसके अलावा नीम-हकीमों या फार्मासिस्ट द्वारा सुझाए गए एंटीबायोटिक भी इस मुद्दे को बढ़ाने में योगदान करते हैं। खेत के जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग दवा प्रतिरोध को बढ़ावा दे सकता है। वैज्ञानिकों ने मांस और खाद्य फसलों में दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया पाए हैं जो उर्वरकों या दूषित पानी के संपर्क में आते हैं। इस तरह से, जानवरों को प्रभावित करने वाली बीमारियाँ इंसानों में फैल सकती हैं। जो लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं, उन्हें अक्सर रोगाणुरोधी दवाओं की उच्च खुराक दी जाती है। यह एएमआर सूक्ष्मजीवों के प्रसार को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से ऐसे वातावरण में जहां विभिन्न बीमारियां मौजूद हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग और अति प्रयोग के साथ-साथ संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण में कमी के कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध में तेज़ी आती है। प्रतिरोध के प्रभाव को कम करने और इसके प्रसार को सीमित करने के लिए समाज के सभी स्तरों पर कदम उठाए जा सकते हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, व्यक्तियों को केवल प्रमाणित स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा निर्धारित किए जाने पर ही एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना चाहिए।

कभी भी बची हुई एंटीबायोटिक्स को उपयोग न करें। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, स्वास्थ्य उद्योग को नए एंटीबायोटिक्स, टीके, निदान और अन्य उपकरणों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए। कृषि क्षेत्र को केवल पशु चिकित्सा पर्यवेक्षण के तहत पशुओं को एंटीबायोटिक्स देना चाहिए। विकास को बढ़ावा देने या स्वस्थ पशुओं में बीमारियों को रोकने के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग न करें। मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के नज़रिए से रोगाणुरोधी प्रतिरोध को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता है। सभी देशों को मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के बीच एआरजी और एंटीबायोटिक दवाओं के प्रसार को सीमित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। हालांकि अधिकांश देशों द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं बनाई गई हैं, लेकिन ये योजनाएं अभी भी कागज़ से ज़मीन पर नहीं उतर पाई हैं क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का स्वतंत्र रूप से उपयोग जारी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**दर्शन**

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा: महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है: आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई: महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा: ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला: हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा: तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा: मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा: क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## जब मन अशांत हो तो अपने इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित
**प्रेरणा**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मनुष्य जन्म का महत्त्व समझें

श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। साधन धाम मोच्छ कर द्वारास पाइ न जेहिं परलोक संवारा॥' अर्थात हमें मनुष्य का तन मिलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यह तन देवताओं के लिए भी दुर्लभ होता है। मनुष्य तन से ही हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। हमें जो अपने अच्छे कर्मों से मनुष्य का जीवन सौभाग्य से मिला है, इसका हमें उचित प्रयोग करना चाहिए, अनुचित काम करके इस मनुष्य जीवन को नष्ट नहीं करना चाहिए। भगवान के दिए अनमोल इनसानी जीवन को आत्महत्या द्वारा समाप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और हर मुसीबत का सामना करने का सबक पढ़ाएं, ताकि बच्चे जिंदगी में कभी कोई गलत राह न चुनें। मनुष्य जन्म का महत्त्व समझा जाना चाहिए। *– महेश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर


### फ्रांस ने लादेन के बेटे का देश में प्रवेश रोकने उठाए कदम



फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया। मंत्रालय ने कहा कि उस समय अधिकारियों ने उसके दो साल के लिए फ्रांस लौटने पर भी पाबंदी लगाई। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रेतेलियू ने 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया कि उमर बिन लादेन 'किसी भी कारण से फ्रांस वापस नहीं लौट सके।' फ्रांसीसी अखबार ली पेरिसियन ने खबर प्रकाशित की कि उमर बिन लादेन अब कतर में रहता है।अखबार ने कहा कि वह 2016 से नॉरमैंडी के ओर्ने क्षेत्र में अपनी ब्रिटिश पत्नी के साथ रह रहा था और एक कलाकार के रूप में काम कर रहा था। अखबार ने लिखा कि पिछले हफ्ते वह फ्रांस वापसी पर लगे प्रतिबंध को खत्म करने के लिए कानूनी लड़ाई हार गया।

## ऑफ बीट

### रात में आपकी अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है।

## X ट्रेंड

### पासवान को श्रद्धांजलि



मैं अपने बहुत प्रिय मित्र और भारत के बड़े नेताओं में से एक रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने इतने वर्षों तक उनके साथ करीब से काम किया। मुझे कई मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि बहुत याद आती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हरियाणा में जीत पर बधाई



हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को हार्दिक बधाई! 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों की जीत है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### कमलनयन को मेरी संवेदनाएं



मुंबई में कमलनयन बजाज हॉल की निदेशक सुनैना केजरीवाल का 53 वर्ष की उम्र में निधन ! एक अद्भुत व्यक्तित्व जिसका जीवन कैंसर ने छीन लिया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं !

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### अपने दिल से किया



तस्वीरें या वीडियो होने से पहले हम लोगों को कैसे याद करते थे? सामाजिक दबावों और धार्मिक प्रयासों के बिना हमने उन्हें कैसे दुःखी किया? हमने इसे अपने दिल से किया।

-काजोल, अभिनेत्री

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024


## हरियाणा में दिग्गजों की हार-जीत

| भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|
| नायब सिंह सैनी – जीते  | भूपेंद्र सिंह हुड्डा – जीते  |
| **कांग्रेस** | **निर्दलीय** |
| विनेश फोगाट – जीतीं  | सावित्री जिंदल – जीतीं  |
| **हलोपा** | **इनेलो** |
| गोपाल कांडा – हारे  | अभय सिंह चौटाला – हारे  |

## जम्मू-कश्मीर में दिग्गजों की हार-जीत

| नेकां | नेकां |
|---|---|
| उमर अब्दुल्ला – जीते  | बशीर अहमद शाह – जीते  |
| **नेकां** | **पीसी** |
| सुरिंदर कुमार चौधरी – जीते  | सज्जाद लोन – जीते  |
| **भाजपा** | **पीडीपी** |
| रविंद्र रैना – हारे  | इल्तिजा मुफ्ती – हारीं  |

## हरियाणा में भाजपा क्यों जीती कांग्रेस क्यों हारी?

- जाट बनाम गैर जाट का मुद्दा हावी रहा
- भूपेंदर हुड्डा की संभावित जीत से गैर जाट डरे हुए थे
- कुमारी सैलजा की नाराजगी बड़ा कारण था
- 'मिर्चपुर कांड' से दलितों में नाराजगी थी
- राहुल गांधी का आरक्षण, अग्निवीर, पहलवान, किसान का दांव नहीं चला
- भाजपा ने पिछले दो टर्म में गैर जाट को ही सीएम बनाया

## जम्मू-कश्मीर में नेकां की जीत क्यों?

- नेकां ने घाटी ही नहीं, जम्मू में भी 370 का मुद्दा उठाया
- नेकां पाक से भी बातचीत की हिमायती रही
- युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा भी चल गया
- पीडीपी का लगातार कमजोर होना नेकां की ताकत बना
- कांग्रेस के छोटे पार्टनर होने के नाते भी नेकां का कद बढ़ा

### सुबह अलग और दोपहर बाद बदले नतीजे

- हरियाणा में एग्जिट पोल फेल
- जम्मू-कश्मीर में वैसे ही नतीजे

| जम्मू- कश्मीर | |
|---|---|
| कुल सीट | 90 |
| बहुमत | 46 |
| भाजपा | 29 |
| नेकां | 49 |
| अन्य | 12 |

| हरियाणा | |
|---|---|
| कुल सीट | 90 |
| बहुमत | 46 |
| भाजपा | 48 |
| कांग्रेस | 37 |
| अन्य | 5 |

## हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की वापसी, भाजपा को वहां सिर्फ 1 सीट का नुकसान

# हरियाणा में भाजपा जीती, एग्जिट पोल हारे

*हरियाणा के चुनावी इतिहास में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी दल ने हैट्रिक लगाई हो। कोई भी दल लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना पाया। इस बार भाजपा ने रिकॉर्ड बना दिया। वह भी सारे एग्जिट पोल्स को झुठलाते हुए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार चौंका दिया। कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी। एग्जिट पोल्स से लेकर सियासी बयानों तक यही संकेत मिल रहे थे कि भाजपा इस बार मुकाबले में कमजोर है। कांग्रेस में यह मंथन भी होने लगा था कि 65 से ज्यादा सीटें आती हैं तो कमान किसे सौंपी जाएगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला, तीनों नेता सीएम पद पर अपनी दावेदारी को लेकर ताल ठोंक रहे थे। युवाओं में बेराजगारी और किसानों-पहलवानों की नाराजगी जैसे मुद्दे को कांग्रेस जोर-शोर से उठा रही थी। इस सबके बावजूद भाजपा कांग्रेस की बगल से जीत को निकालकर ले गई। यह कुछ ऐसा ही है, जैसे कुश्ती में बगलडूब दांव होता है, जब एक पहलवान सामने वाले पहलवान की बगल और पकड़ से बाहर निकलकर उसे परास्त कर देता है। इस जीत के बाद हरियाणा में हरियाणवी में कहा जा रहा है- भाजपा ने 'तोड़-पाड़' दिया। हरियाणा के चुनावी इतिहास में इससे पहले ▶▶। शेष पेज 2 पर



### पीएम मोदी बोले-सत्य, विकास और सुशासन की जीत

हरियाणा में भाजपा के लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर सत्ता कायम रखने के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राज्य के लोगों ने झूठ को खत्म कर दिया और सत्य, विकास और सुशासन की जीत सुनिश्चित की है। भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होना भारत के संविधान और लोकतंत्र की जीत है। मोदी ने कहा कि जब भी भाजपा किसी राज्य में सरकार बनाती है, तो लोग लंबे समय तक उसका समर्थन करते हैं और कांग्रेस के लिए 'नो एंट्री' बोर्ड लगा देते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस शायद ही कभी सत्ता में वापस आती है। 13 साल हो गए जब कांग्रेस असम में सत्ता में वापस आई थी, और कुछ राज्य ऐसे हैं जहां कांग्रेस 60 साल से सत्ता में नहीं लौटी है। प्रधानमंत्री ने कहा, एक बार जब लोग कांग्रेस को बाहर कर देते हैं, तो वे उसे वापस नहीं आने देते।

### सीएम साय ने खट्टर को दी बधाई



वाणिज्य भवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी। बैठक के दौरान, अचानक पीयूष गोयल के फोन की घंटी बजी। स्क्रीन पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम चमक रहा था। केंद्रीय मंत्री गोयल ने उन्हें बधाई दी। इसके बाद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन पर मनोहर लाल को बधाई देते हुए कहा, आपने बहुत ▶▶। शेष पेज 2 पर

### रुझानों में 100 मिनट कांग्रेस रही आगे, नतीजों में भाजपा

मंगलवार सुबह रुझानों में भी 100 मिनट तक कांग्रेस आगे रही, फिर भाजपा इस तरह आगे निकली कि दोपहर 12 बजे तक के रुझानों में कांग्रेस 40 के आंकड़े को पार नहीं कर पाई। 12 बजे के बाद तो ढोल-नगाड़े और मिठाइयां कांग्रेस दफ्तर से भाजपा दफ्तर में शिफ्ट हो गए।

### जजपा का वोट बैंक खिसका

दुष्यंत चौटाला की जजपा ने 2019 में 14.9 फीसदी मत हासिल किए थे। यह माना गया था कि जाट समुदाय की वजह से जजपा को ये वोट मिले थे। वहीं, इस बार यह माना जा रहा है कि जजपा के वोट बैंक का ज्यादातर हिस्सा कांग्रेस में और कुछ हिस्सा इनेलो में शिफ्ट हो गया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केदारनाथ के कपाट तीन नवंबर को हो जाएंगे बंद



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ मंदिर के कपाट इस वर्ष तीन नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मंदिर के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए भाई दूज के अवसर पर तीन नवंबर को बंद कर दिए जाएंगे।

### 11 करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में करीब 11 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए। एक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन तथा याबा गोलियों जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं।

### बाघिन ने चार शावकों को दिया जन्म



**पन्ना।** मप्र के पन्ना बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया। इसके बाद अभयारण्य में बाघों की संख्या 90 हो गई है। बाघिन पी-141 पिछले पर्यटन सीजन के अंत में गर्भवती हुई थी। यह खुशी की बात है कि अभयारण्य प्रबंधन को दो दिन पहले चार शावकों के साथ बाघिन पी-141 की तस्वीर मिली है।

छग में खुलेगा एपीडा सर्टिफिकेशन सेंटर

## नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़ेंगे कोरबा-बिलासपुर-रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। बैठक में राज्य के औद्योगिक कॉरिडोर, अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी देने का आश्वासन दिया, जिससे राज्य को एक नई दिशा मिलेगी।

बैठक का मुख्य मुद्दा छत्तीसगढ़ के औद्योगिक कॉरिडोर का विकास था। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से अनुरोध



किया कि कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रस्ताव पर कहा कि इसे जल्द कार्यान्वित किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में ▶▶। शेष पेज 2 पर

### आईटी और मल्टी-सेक्टर सेज स्थापना की मांग

मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में आईटी सेवा विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और राज्य के अन्य ग्रोथ हब्स में मल्टी-सेक्टर सेज स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। इसके लिए जांजगीर और राजनांदगांव में 400 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से कच्चे माल का निर्यात अन्य राज्यों में हो रहा है, जिसे रोकने और राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन के साथ जल्द कार्यान्वयन की उम्मीद जताई।

### केंद्रीय मंत्री को दी नई औद्योगिक नीति की जानकारी

छत्तीसगढ़ सरकार ने "अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई औद्योगिक नीति 2024-29 लागू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस नीति के बारे में जानकारी दी, जिसमें औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक समृद्धि को हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को ▶▶। शेष पेज 2 पर

दुर्ग जिले में 24 घंटे में दूसरी वारदात

## एक और आदतन अपराधी को पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई में सोमवार की देर रात एक और आदतन अपराधी की ईंट और पत्थर से मार-मारकर हत्या कर दी गई है। प्रकरण में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। दुर्ग जिले में एक दिन पहले मोहल्ले वालों ने आदतन अपराधी सुरेंद्र की हरकतों से परेशान होकर मार-मारकर उसकी हत्या कर दी थी।



दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात सूचना मिली कि चंडी मंदिर के पास कुछ युवकों का आपस में मारपीट कर ▶▶। शेष पेज 2 पर

### 6 से 7 लोग वारदात में हो सकते हैं शामिल

आरोपियों से पुलिस ने ईंटा, पत्थर और खून से सना कपड़ा भी जब्त किया गया है। मृतक विवाहित था, घटना में 6-7 लोगों के शामिल होने का संदेह है। पुलिस कुछ युवकों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। एक दिन पहले ही भिलाई तीन में आदतन बदमाश की मोहल्ले वालों ने लाठी, कुल्हाडी समेत अन्य ▶▶। शेष पेज 2 पर

### पुरानी रंजिश के चलते हत्या

पुरानी रंजिश के चलते हत्या हुई है। तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची थी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया था। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया।

\- अभिषेक झा, एएसपी, दुर्ग

आठ आईएएस अफसरों की पदस्थापना, नए प्रभार

## चंपावत सचिव सामान्य प्रशासन टोपेश्वर अध्यक्ष राजस्व मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों की पदस्थापना एवं प्रभार में बदलाव का आदेश जारी किया है। अविनाश चंपावत को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ सामान्य प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। टोपेश्वर वर्मा जो राजस्व मंडल बिलासपुर के सदस्य थे, उन्हें अध्यक्ष राजस्व मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

राज्य शासन द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक अन्बलगन पी. को सचिव धार्मिक न्यास ए वं धर्मस्व विभाग तथा सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव खाद्य ए वं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे।

केडी कुंजाम को विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ए वं संचालक मुद्रण एवं लेखन सामाग्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अन्बलगन पी. को धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग



अविनाश चंपावत | टोपेश्वर वर्मा | अन्बलगन पी.

### रमेश शर्मा मार्कफेड के एमडी

*आईएएस रमेश शर्मा को प्रबंध संचालक मार्कफेड बनाया गया है। उनके पास विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, अतिरिक्त प्रभार संचालक भू-अभिलेख, संचालक मुद्रण एवं लेखन सामाग्री, विशेष सचिव धार्मिक न्यास एवं धार्मिक धर्मस्व विभाग तथा प्रबंध संचालक मार्कफेड का प्रभार था। जितेंद्र शुक्ला संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रबंध संचालक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विनोद नंदनवार को संचालक भू-अभिलेख के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त सचिव जन शिकायत एवं निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. फरिहा आलम उप सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपसचिव श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।*

## भालू ने पी लिया ज्योति कक्ष में जल रहे 60 दीपों का तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

- खपरैल वाले मकान में की तोड़फोड़
- नुकसान का आंकलन करने में जुटा वन विभाग

अरौद में दुर्गा मंदिर के ज्योति कक्ष के खपरैल को तोड़कर ज्योति कक्ष में घुसे दो भालुओं ने नवरात्रि में प्रज्वलित 60 दीपों का तेल पी लिया। इसके बाद उन्होंने कक्ष को तहस-नहस कर दिया। भालुओं के इस उत्पात से सभी ज्योति कलश बुझ गए। अरौद में दुर्गा मंदिर के बाजू में ज्योति कक्ष में नवरात्रि में इस बार 60 ज्योति प्रज्वलित किए गए थे। ग्राम के पुजारी ईश्वर पटेल ने बताया कि 7 अक्टूबर की मध्य रात्रि ज्योति कक्ष के ऊपर खपरैल वाले मकान पर दो भालुओं ने खपरैल, ▶▶। शेष पेज 2 पर



### वन विभाग को दी गई जानकारी

भालुओं के उत्पात की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। घटना को देखने के लिए सुबह से गांव के लोगों की भीड़ जुट गई थी। पुजारी ईश्वर पटेल ने बताया कि भालुओं के उत्पात की जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन रक्षक मौके पर पहुंचकर नुकसान की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया।

नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के दौरान राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाकर 'दा' के निकले आंसू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

आखिरकार वो वक्त आ गया, जिसका लंबे समय से इंतजार था। मंगलवार को बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारतीय सिनेमा की दुनिया के सबसे सम्मानित अवॉर्ड्स समारोह '70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स' के दौरान एक्टर को सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया है। करीब 350 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके मिथुन ने अपनी अदाकारी से पूरे भारत में अपना नाम रोशन कर चुके हैं। अवॉर्ड के लिए जाते हुए एक्टर ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए कहा, अभी तक इसे स्वीकार नहीं कर पाया हूं, अभी तक उसी खुमार में ▶▶। शेष पेज 2 पर



### राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से ये सम्मानित

संगीतकार ए आर रहमान, अभिनेता ऋषभ शेट्टी, अभिनेत्री नित्या मेनन और मानसी पारेख सहित 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के अन्य विजेताओं को भी सम्मानित किया। इसके अलावा प्रीतम को 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट 1 शिवा' के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। एआर रहमान को 'पोन्नियिन सेल्वन 1' के लिए बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक का अवॉर्ड मिला। 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट 1 शिवा' को बेस्ट वीएफएक्स का अवॉर्ड मिला।

### मिथुन ने बताए पुरस्कार के किस्से

मिथुन चक्रवती ने पुरस्कार पाकर खुशी जताते हुए कहा, 'डायलॉग देते तो पढ़ देता, स्पीच देने को बोला है, व या बोलूंगा कुछ समझ नहीं आ रहा है। बस इतना ही कहूंगा कि इस मंच पर मैं पहले तीन बार आ चुका हूं आप लोगों की दुआ से। लेकिन सबसे पहली बार जब मिला था नेशनल अवॉर्ड तो उसके इतने किस्से हैं कि मैंने किसी को नहीं बताए हैं। जब वो मिला तो लोग कहने लगे कि अरे आपको नेशनल अवॉर्ड मिला। तो मेरा दिमाग खराब हो ▶▶। शेष पेज 2 पर

### बेस्ट एक्टर ऋषभ और मनोज बाजपेयी

- बेस्ट एक्टर – ऋषभ शेट्टी (कांतारा)
- बेस्ट एक्टरः स्पेशल मेंशन-मनोज बाजपेयी (गुलमोहर)
- बेस्ट एक्ट्रेस – नित्या मेनन (तिरुचित्रम्बालम) और मानसी पारेख (कच्छ एक्सप्रेस)
- बेस्ट फीचर फिल्म – अट्टम
- बेस्ट डायरेक्टर – सूरज बड़जात्या (ऊंचाई)
- बेस्ट तमिल फिल्म – पोन्नियिन सेल्वन 1
- बेस्ट तेलुगु फिल्म – कार्तिकेय 2
- बेस्ट कन्नड़ फिल्म – केजीएफ चैप्टर 2

# 'इंशाअल्लाह' के बंद होने पर खूब रोई थीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ सालों पहले फिल्म 'इंशाअल्लाह' में अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता सलमान खान को साथ में देखा गया था। इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने बनाया था। हालांकि, इस फिल्म को बंद कर दिया गया था, जिससे प्रशंसकों का दिल टूट गया था। संजय लीला भंसाली ने अपनी इसी फिल्म को लेकर अब कुछ और बातें कही हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के बंद होने पर कैसे आलिया ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया था। वह फिल्म के बंद होने पर बुरी तरह टूट गई थीं।

संजय लीला भंसाली ने बताया कि जब वह आलिया भट्ट के साथ 'इंशाअल्लाह' के लिए काम कर रहे थे और अचानक यह फिल्म बंद हो गई। फिल्म निर्माता ने कहा, 'वह टूट गई, वह फूट-फूट कर रोने लगी थीं, उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया था'। संजय लीला भंसाली ने एक हफ्ते बाद आलिया को फोन किया और कहा कि वह उनकी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में मुख्य महिला की भूमिका निभाने जा रही हैं। इस पर आलिया को संदेह हो गया था कि वह ये किरदार निभा भी सकती हैं या नहीं। अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'लव एंड वार' में नजर आने वाली हैं।

इस फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी दिखाई देंगे। संजय लीला भंसाली ने बातचीत के दौरान बताया कि इस फिल्म में वह अपना सबसे अच्छा काम देना चाहते हैं। फिल्म 'लव एंड वार' साल 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

# अनिल ने किया जांबाजों को सलाम



**मुंबई।** अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी फिल्म 'फाइटर' के लुक को शेयर कर भारतीय वायुसेना दिवस पर सभी सैनिकों को बधाई दी है। उन्होंने जवानों को सलाम करते हुए उनके जज्बे को याद किया है। उसकी फिल्म 'फाइटर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन किया था। फिल्म में उन्होंने ग्रुप कैप्टन राकेश जयसिंह उर्फ रॉकी की भूमिका निभाई थी। अनिल कुमार ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एयर बेस कैम्प में काफी समय बिताया था। अपने इसी अनुभव को उन्होंने आज खास मौके पर साझा किया है। उन्होंने भारतीय वायुसेना दिवस पर पर कहा, 'मेरा सभी रियल हीरो को दिल से सलाम। हमारे देश की सरहदों को सुरक्षित रखने के लिए धन्यवाद।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

## Appointment
## आवश्यकता

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एंव दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे (RO-318)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-3038)

### क्लीनिक कार्य

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक, रायपुरा चौक में काम करने के लिए लड़के/लड़कीयों की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- ओम सांई डिजीटल डेंटल क्लीनिक, मो. नं. 8085354424, 6260978207, 0771-4086030. (RO-6958)

### स्टेशनरी कार्य

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी शो रूम में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कीयों की आवश्यकता हैं। समय 11 से 9 वेतन योग्यतानुसार डायरी हाऊस बंजारी रोड गोल बाजार रायपुर 0771-4036253, 9329100996.(RO-M)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर मे घरेलू कर चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड के साथ संपर्क करें। 9329121313. (RO-2430)

### फिटर/हेल्पर

**आवश्यकता है**
रायपुर रिश्ता लोहा बाज़ार में
2 सुपरवाइज़र
4 वेल्डर, 6 हेल्पर,
2 टर्नर, 1 कटर,
4 फिटर
की आवश्यकता है
सम्पर्क करें
9893070113

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य संपर्क करे:- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A, रायपुर 7089933233. (RO-808)

### मिलमिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित राईसमिल हेतु एक मिलमिस्त्री अनुभवी के साथ एक हेल्फर एवं 3 सुपरवाइजर लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा, चावल, सिलेंडर फ्री। संपर्क:- जवाहरनगर नवीन ट्रांसपोर्ट के बाजू में दुर्ग मो.- 93033-09932, 79870-85401.(आरो -599)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 9205219535.(RO-3011)

## Business
## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

## Education
## शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

क्लासीफाईड

## Property
## प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** शहर के प्राईम लोकेशन तालपुरी भिलाई में (मोंगरा) हवादार, तीनों तरफ से खुला, मेन रोड पर बेचना है। सपंर्क :-7470642623. (आरो -597)

**मकान बेचना है-** मकान दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008.(आरो-598)

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** बेस्ट इन्वेस्टमेंट प्लाट ही प्लाट दुर्ग के प्राइम लोकेशन पुलगांव लक्ष्मी मार्केट से मात्र 6km दूरी पर 421रु.fit में रजिस्ट्री फ्री ,चंदखुरी हनोदा मार्ग से लगा 40fit रोड में लगा हुआ प्लाट 550रु.fit में डायवर्सन फ्री तुरंत मकान बनाकर रहने लायक जल्द कीजिए प्लाट सीमित संपर्क:- 9770047215, 6260058087. (आरो न.-1803)

## For Rent
## किराया

**किराये पर उपलब्ध है-** तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डैलिनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। पानी ,वाशरूम उप्लब्ध, MO.- 94252-38690,79997-73431.(आरो न.-601)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Finance
## फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(RO-3035)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152


# आंखों से सुरमा चुराने वाले सितारे का दिल कई हसीनाओं ने तोड़ा...

**नई दिल्ली।** जब भी हिंदी सिनेमा के दिग्गजों की बात की जाएगी उसमें राज कुमार का नाम शीर्ष पर ही दिखाई देगा। राज कुमार ने अपनी अदाकारी डायलॉग डिलीवरी और महाराजाओं वाले ठाठ के चलते दर्शकों के दिल में एक अलग जगह और पहचान बनाई थी। राज कुमार का असली नाम कुलभूषण पंडित था। उन्होंने अपनी इंस्पेक्टर की नौकरी छोड़कर अभिनय की दुनिया का रुख किया था। राज कुमार जितना अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहे उतना ही अपनी लव लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहे।

***हेमा मालिनी को किया था प्रपोज :*** कहा जाता है कि राज कुमार हेमा मालिनी के प्यार में पड़ गए थे। अभिनेता उनके बहुत बड़े प्रशंसक थे। राज कुमार हेमा मालिनी को इतना पसंद करते थे कि जब उन्हें 'लाल पत्थर' में कास्ट किया गया था, तब उन्होंने निर्देशक एफसी मेहरा को वैजयंती माला की जगह हेमा मालिनी को कास्ट करने के लिए कहा था। लेकिन जब हेमा मालिनी को 'लाल पत्थर' मिला तो उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। हालांकि, बाद में राजकुमार ने उन्हें फिल्म के लिए मनाया भी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तो यह भी कहा जाता है कि फिल्म खत्म होने के बाद अभिनेता ने हेमा मालिनी को प्रपोज भी कर दिया था, लेकिन अभिनेत्री ने इनकार कर दिया था।



### मीना कुमारी को पसंद करने लगे थे

राज कुमार ने 'पाकीजा' फिल्म में मीना कुमारी के साथ काम किया था। अफवाहें यह भी थीं कि राज कुमार उन्हें पसंद करने लगे थे। कहा तो यह भी जाता है कि अभिनेता मीना कुमारी की खूबसूरती में इस कदर डूबे रहते थे कि अपने संवाद भी भूल जाते थे। हालांकि, मीना कुमारी के शादीशुदा होने की वजह से वह कभी अपने प्यार का इजहार नहीं कर पाएं।

***एयर होस्टेस जेनिफर से की शादी :*** *इन सभी के प्यार में पड़ने के बाद अंत में राज कुमार ने एयर होस्टेस जेनिफर से शादी कर ली। दोनों के तीन बच्चे पुरु राज, पाणिनि राज और वास्तविकता पंडित हैं। राज कुमार ने सौदागर, मदर इंडिया, पैगाम, दिल एक मंदिर, वक्त, लाल पत्थर, तिरंगा जैसी हिट फिल्में की हैं।*

# दीपिका की आवाज के फैन हो गए थे भंसाली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली जब भी कोई फिल्म बनाते हैं तो वह फिल्म लार्जर दैन लाइफ ही होती है। उनकी फिल्में अपनी भव्यता के लिए मशहूर हैं। अब हाल ही में, फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से पहली बार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। भंसाली ने आगे कहा, "मैं दीपिका की खूबसूरती, उनकी आंखों को देखकर दंग रह गया, जब मुझे एहसास हुआ कि उनमें कितनी मासूमियत, कितनी नाजुकता, कितनी सुंदरता है। तभी उन्होंने बात करना शुरू किया। और मुझे एहसास हुआ कि उनकी आवाज बहुत खूबसूरत है।'



# मलाइका कहने पर भड़कीं मल्लिका



**मुंबई।** बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री मल्लिका शेरावत विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पैपराजी से कुछ ज्यादा ही नाराज दिखीं। दरअसल, पैपराजी ने उनके नाम की जगह मलाइका कहा, जिसके बाद मल्लिका को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने बिना किसी देरी के पैपराजी के कान खींचे। अपनी बोल्ड और बिंदास इमेज से सभी के दिलों की मलिका बन चुकीं बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत अपनी कमबैक फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद मल्लिका के प्रशंसक उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले मल्लिका मुंबई वापस आ गई हैं। जब वह सोमवार को मुंबई में दिखीं तो उन्होंने पैपराजी से जमकर बातचीत की। लेकिन अफसोस की बात पैपराजी ने उन्हें उनके नाम की जगह मलाइका मैम कहकर संबोधित किया तो मल्लिका भड़क गईं और उन्होंने तुरंत ही पैपराजी के कान खींचे। उनका यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।




असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769


## टीवी मसाला

# आमिर ने सुनाया 'बिग बी' के जन्म के समय का रोचक किस्सा

**नई दिल्ली।** आमिर खान केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर खास एपिसोड के लिए पहुंचे। इस एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो लगातार शेयर किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक प्रोमो वीडियो में आमिर खान बिग बी से पूछते नजर आते हैं कि आपको अपने जन्म के समय से जुड़ा कुछ याद है। इसके बाद आमिर खान ने हरिवंश राय बच्चन की लिखी कुछ पंक्तियां सुनाई जो बिग बी के जन्म के समय उन्होंने लिखी थीं। तेजी ने जगा के मुझे कहा कि उनके पेट में पीड़ा आरंभ हो गई। ब्रह्म मुहूर्त था, सपना इतना स्पष्ट था और मैं उससे इतना अभिभूत था कि मैं उसे तेजी से बताए बिना न रह सका। तुम्हारा लड़का ही होगा और उसके रूप में मेरे पिता जी की आत्मा आ रही है'। आमिर खान ने इस शो में अमिताभ बच्चन से कई सारी हंसी मजाक की बातें कही हैं। आमिर ने कहा कि पिछली बार आमिर खान को अमिताभ बच्चन ने डांट लगाई थी। आमिर ने कहा, 'इस शो में पिछली बार जब मैंने जावेद साहब को फोन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर इसमें से एक हैं। सर ने बोला श्योर न हों तो उत्तर न दें। इसके बाद जैसे ही कट हुआ तो सर ने मुझे ऐसी डांट लगाई कि क्या कर रहे तो तुम अगर उत्तर गलत निकलता तो...'।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 84 | पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



नवरात्रि में सौ वर्ष पुराने मंदिर में देवी प्रतिमा की पूजा-अर्चना

राजनांदगांव के बांसपाईपारा चौक में लगभग 100 वर्ष पुराना शिव मंदिर है। जिसका जीर्णोद्धार 1982 में किया गया। इस दौरान कोलिहारी वाले प्रसिद्ध कथावाचक पं. मिथलेश शुक्ला भी उपस्थित रहे। मोहल्ले की रेगसीन दाई दाई का काम करती थी, जिन्होंने अपनी कमाई की राशि भी मंदिर निर्माण में अर्पित किया। अब इसी मंदिर ▶▶| शेष पेज 2 पर

## उस्तादों ने शुरू किया देवी प्रतिमा स्थापित करना, अब तीसरी पीढ़ी ने जारी रखी है परंपरा

नवरात्रि विशेष

संतोष दुबे ▶▶| राजनांदगांव

संस्कारधानी में एक ऐसी दुर्गा उत्सव समिति भी है, जिसकी शुरुआत 74 साल पहले उस्तादों ने शुरू की। अब इस परंपरा का निर्वहन



तीसरी पीढ़ी के लोग कर रहे हैं। बांसपाईपारा के एक घर में नवरात्र पर्व पर वर्षों देवी प्रतिमा स्थापित करने का क्रम शुरू हुआ, जो भव्य रूप में चौक में तब्दील हो चुका है। बांसपाईपारा के बुजुर्ग सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, आदर्श ▶▶| शेष पेज 2 पर

### प्रसिद्ध मूर्तिकार स्वयं आकर बनाते थे मूर्ति

समिति के बुजुर्ग महेश ढीमर मिस्त्री एवं विनोद ढीमर ने बताया कि तीस साल पहले यहां प्रदेश के प्रसिद्ध मूर्तिकार बालम यहीं आकर मूर्ति का निर्माण करते थे। पर्व के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता रहा। जिसमें नाचा, पंडवानी से लेकर ▶▶| शेष पेज 2 पर

## महामारी से बचाती हैं टलनार गांव की आराध्य देवी दुलार देई माता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

वैसे तो बस्तर संभाग में देवी-देवताओं के पचासों स्थान और सबकी अपनी अपनी परंपराएं और पूजा पद्धति हैं। बस्तर की प्रमुख आराध्य देवी दंतेश्वरी माई हैं। इन्हीं, दंतेश्वरी माई का अंश बकावंड विकासखंड की टलनार ग्राम पंचायत में माता दुलार देई के रूप में विराजमान हैं। यह देवी गांव की कुलदेवी है। लगभग डेढ़ सौ साल से ग्रामीण पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ माता दुलार देई की पीढ़ी दर पीढ़ी आराधना करते आ रहे हैं। बस्तर जिले की जनपद पंचायत बकावंड की ग्राम पंचायत टलनार में मां दुलार देई की आराधना लगभग डेढ़ सौ साल से की जा रही है। दुलार देई माता को कच्चा दूध अर्पित करने की परंपरा का निर्वहन ग्रामीण आज तक बखूबी करते आ रहे हैं। किवदंति है कि मां दुलार देई ने गांव वालों को महामारी के प्रकोप से बचाया था। आज भी गांव में ▶▶| शेष पेज 2 पर



- चावल और कच्चा दूध अर्पित करने की परंपरा है देवी मां को
- ग्रामीणों की अटूट आस्था है मातारानी दुलार देई पर

### नहीं हुआ रोग का प्रकोप

ग्रामीण बताते हैं कि कालरा हैजा की शिकायत से अनेक ग्रामीणों की मौत हो गई थी। तब आपस में सलाह कर बस्तर से माई जी की मूर्ति गांव में लाकर पूजा अर्चना शुरू की गई। इसके बाद रोग का कहर थम गया। जब से गांव में माता दुलार देई की प्रतिमा स्थापित हुई तबसे आज तक टलनार में किसी भी रोग का प्रकोप नहीं हुआ है।

### शनि, मंगल को पूजा चावल का प्रसाद

माता दुलार देई की पूजा विधि कुछ खास है। विशेष दिन और अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा की जाती है। मंगलवार और शनिवार को यहां विशेष पूजा की जाती है और माता को चावल तथा कच्चे दूध का भोग अर्पित किया जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक दुलार देई माता को उबला हुआ नहीं, बल्कि कच्चा दूध ही पसंद है।

## खबर संक्षेप

### होपफील्ड-ज्यॉफ्री को भौतिकी का नोबेल




**स्टॉकहोम।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के 'गॉडफादर' कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर ठग लिए 46 लाख



**इंदौर।** इंदौर में 'डिजिटल अरेस्ट' के ताजा मामले में ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को जाल में फंसाकर उससे 46 लाख रुपए ठग लिए।'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी का नया तरीका है। ऐसे मामलों में ठग खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों को ऑडियो या वीडियो कॉल करके डराते हैं।

**कोलकाता रेप-मर्डर मामला : आमरण अनशन पर बैठे डॉक्टर के प्रति दिखाई एकजुटता**

# मेडिकल कॉलेज में थम नहीं रहा बवाल 50 सीनियर डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर जारी बवाल थम नहीं रहा है। आरजी कर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु की रेप के बाद हुई हत्या मामले में डॉक्टरों में अब भी आक्रोश है। अस्पताल के बाहर जूनियर डॉक्टर्स का अनशन जारी है। उनके समर्थन में आज 50 सीनियर चिकित्सकों ने भी सामूहिक इस्तीफा दे दिया।*

डॉक्टरों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है। इस घटनाक्रम के तुरंत बाद, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम शहर में सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है। राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक ▶▶| शेष पेज 2 पर

### न्याय की मांग

जूनियर डॉक्टर महिला सहकर्मी के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। उनकी अन्य मांगों में राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक केंद्रीकृत रेफरल सिस्टम की स्थापना, एक बेड रिक्ति निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन और उनके कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन-कॉल रूम और वॉशरूम के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए टास्क फोर्स का गठन शामिल है। वे अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाने, स्थायी महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती करने और डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को तेजी से भरने की भी मांग कर रहे हैं।

### आंदोलनकारियों ने निकाली रैली



### आज से देशव्यापी हड़ताल

अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है। चिकित्सकों के संघ ने बैठक की और घोषणा की कि भूख हड़ताल बुधवार को शुरू होगी।

**दो दिन पहले हुआ था एक्शन :** बताते चलें कि दो दिन पहले ही कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में थ्रेट कल्चर और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही कमेटी ने बड़ा एक्शन लिया था। इस कमेटी ने 10 डॉक्टरों समेत 59 स्टाफ को सस्पेंड कर दिया। इनमें डॉक्टर, इंटर्न्स, स्टूडेंट्स और हाउस स्टाफ शामिल हैं। इन डॉक्टरों पर कई आरोप लगाए गए हैं, जिसमें रैगिंग का भी मामला शामिल है।

### आमरण-अनशन को हो गए चार दिन

संयुक्त मंच की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कनिष्ठ चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से आमरण अनशन पर हैं, लेकिन मुद्दों को हल करने के लिए उपयुक्त प्राधिकारी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। चिकित्सकों के मंच ने अनशन पर बैठे चिकित्सकों की स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वे परिसर में मुक्त माहौल और रोगी-अनुकूल प्रणाली' के लिए लड़ रहे हैं। बयान में कहा गया है, इस स्थिति में हम उनके साथ एकजुटता के साथ खड़े हैं।'




नकद बोनस ऑफर ₹ 3000# तक | ब्याज दर 5.99%^ | शुरूआती कम डाउन पेमेंट @ ₹ 1999^ | कैशबैक ₹ 5000~ तक

Toll Free Number: 1800 266 0018 | India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply | $ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon | ~CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER

Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer is for a limited period or till stock lasts.Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. Actual value may vary, offer is for a limited period only or till stock lasts. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **Festive Ex-showroom price of Passion+ in Raipur.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

फरवरी में हरियाणा के पड़ोसी राज्य दिल्ली में चुनाव, भाजपा केजरीवाल से लेगी टक्कर

# अब महाराष्ट्र व झारखंड के चुनावों में भाजपा को विपक्ष से लोहा लेने में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक भाजपा के लिए बहुत मायने रखती है। कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत लाने में असफल रही थी जिसके बाद से ही कायस लगाये जा रहे थे कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी हार सकती है। कांग्रेस ने हरियाणा में लोकसभा की पांच सीटें तो जीती ही थी साथ ही वोट प्रतिशत में भी भाजपा को पीछे धकेल दिया था। ऐसे हालातों में भाजपा के लिए ये जीत उत्साहित करने वाली तो है ही साथ ही जल्द ही होने वाले महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव के रण में भी विपक्षी दलों से लोहा लेने में मददगार साबित होने वाली है। फरवरी में दिल्ली में विधानसभा चुनाव है। पड़ोसी राज्य हरियाणा में बह रही राजनैतिक हवा अब दिल्ली चुनावों में भी भाजपा की नैंया पार लगा सकती है, ऐसा राजनैतिक जानकार कहने लगे हैं।



### राहुल-प्रियंका का रोड-शो

हरियाणा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में ताबड़ तोड़ रोड शो करते हुए कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाने की जी जान से कोशिश की, लेकिन उनकी भागदौड़ कांग्रेस को सत्ता में लाने में नाकाम रही। उधर, भाजपा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़ी रैलियां की। अमित शाह ने कई जनसभाएं कर जनता को भाजपा की सरकार बनाने के वोट करने की अपील की। जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह भी कई हलकों में गये।

### भाजपा की रणनीति

भाजपा की रणनीति ने कांग्रेस को सत्ता की दौड़ से बाहर कर दिया। यह कहना बिलकुल ठीक रहेगा की टिकट वितरण के दौरान ही भाजपा ने आधी बाजी जीत ली थी और कांग्रेस आधी जंग हार चुकी थी। कांग्रेस ने अपने सभी वर्तमान विधायकों को रिपीट करने का फैसला लेते हुए टिकट थमा दी, नतीजा ये हुआ कि कई हार गये क्योंकि उनको लेकर लोगों में नाराजगी थी। यह कहना गलत नहीं होगा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा इस गुमान में थे कि जिसे टिकट दिला दूंगा वो सौ प्रतिशत जीतेगा। हुड्डा इसमें असफल रहे और कांग्रेस का गढ़ मानी जा रही कई सीटें भाजपा जीत ले गयी। भाजपा ने टिकट बांटते समय जातीय समीकरणों को बखूबी साधा। जीटी रोड बैल्ट, अहीरवाल में

## महाराष्ट्र : पूर्व विधायक यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व विधायक भानुदास मुरकुटे को मंगलवार को अहिल्यानगर जिले में पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक महिला ने मुरकुटे पर 2019 से कई बार यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। अधिकारी ने बताया कि मुरकुटे को इस मामले के सिलसिले में राहुरी पुलिस की एक टीम ने उस समय गिरफ्तार किया जब वह मुंबई से अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर) जिले में अपने घर लौटे थे।

**BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, PINGLE BHAWAN, NEHRU CHOWK
Phone No.:07752-222642, Fax: 07752-413888, e-mail: tenders.bscl@gmail.com

दुकानों के विक्रय हेतु निविदा

No.709/BSCL/2024-25 Bilaspur, Dated 08/10/2024

BSCL invites proposal for following sale of shops on lease basis:

| NIT No. | Name of work | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 231 | सिटी कोटवाली मल्टी लेवल कार पार्किंग के भू–तल पर स्थित शेष 26 नग व्यवसायीक दुकानों के विक्रय हेतु ऑफर आमंत्रित किया जाता है। | 23/10/2024 IST 03:00 PM |

इच्छुक व्यक्ति निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नगर पालिक निगम के औपचारिक वेबसाईट https://www.bilaspurnagarnigam.com से डाउनलोड करें।

Green City, Clean City, Smart City.

MANAGER
BILASPUR SMART CITY LIMITED

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**
Phone No. 07749-222008, Fax-07749-222008 E-mail-cmobalod@rediffmail.com

क्रमांक/588/न.पा./स्वा.भा.मि. /2024 बालोद, दिनांक 08/10/2024

**द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)**

नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के प्राक्कलन परिकल्पन/डी.पी.आर. तैयार करने हेतु वास्तुविद से रूचि की अभिव्यक्ति त्रि-लिफाफा पद्धति में दिनांक 22/10/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित की जाती है। ऑफर दर दिनांक 22/10/2024 को सायं 4:30 बजे उपस्थित वास्तुविद / वास्तुविद के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा। ऑफर दर के साथ राशि रूपये 5000.00 धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप के जमा करना अनिवार्य होगा। वास्तुविद को लिफाफा "अ" में धरोहर राशि लिफाफा "ब" में वास्तुविद प्रमाण पत्र तथा लिफाफा "स" में ऑफर दर प्रस्तुत करना होगा। नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं, तथा विभागीय बेवासाईट पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **28.10.2024, समय 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत ( लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 159541 | 06/व.ले.लि./2024-2025 दिनांक 07.10.2024 | रायगढ़ जिले के कोतमरा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य। | 99.27 | प्रथम आमंत्रण |
| 159542 | 07/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 07.10.2024 | रायगढ़ जिले के बोकरामुड़ा जलाशय का गहरीकरण मरम्मत एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य। | 166.39 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **14.10.2024** समय **17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

G-242503024/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग रायगढ़
जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

क्र./जन.स्वा.वि./2024/787/186 भिलाई दिनांक 07/10/2024

**ई-प्राक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा EIA, EMP And Environment Clearance कन्सलटेंसी हेतु आर.एफ.पी. आमंत्रण हेतु कार्य की द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | Tender | Tender Release | Tender Download Bid Preparation & Payment | Physical Submission of Required Documents with EMD fee- | EMD Opening and Short Listing |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 159410 | 03/10/2024 (10:30 AM) to 03/10/2024 (05:30 PM) | 03/10/2024 (10:30 AM) to 18/10/2024 (05:30 PM) | 22/10/2024 (05:30 PM) | From 23/10/2024 (10:30 AM) |

कार्यपालन अभियंता

## जैकेट के शेष

### हरियाणा में भाजपा ....

ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी दल ने हैट्रिक लगाई हो। कोई भी दल लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना पाया। इस बार भाजपा ने रिकॉर्ड बना दिया। साफ है कि भाजपा का सीएम पद के लिए चेहरा नायब सैनी ही हैं। यहां जेजेपी और आप का पूरी तरह सफाया हो गया है। यहां, आप कांग्रेस के लिए साइलेंट किलर बन गई। उधर, जम्मू-कश्मीर में नेकां ने अपने छोटे पार्टनर कांग्रेस के साथ बाजी मार ली। वहां उमर अब्दुल्ला सीएम का चेहरा होंगे। उनके पिता फारुख अब्दुल्ला ने यह ऐलान भी कर दिया। घाटी से पीडीपी लगभग साफ हो गई। वह 2 सीटों पर है। जम्मू में भाजपा को सिर्फ 1 सीट का नुकसान हुआ। जबकि, जम्मू में भी नेकां ने हैरान करते हुए सीटें कब्जाईं। डोडा में आप का खाता कुल गया है। वहां 36 साल के मेहराज मलिक ने जीत हासिल की।

### पीएम मोदी बोले-सत्य, ....

अच्छे तरीके से चुनाव का संचालन किया है। हरियाणा में भाजपा की यह जीत आपके कुशल नेतृत्व का प्रमाण है। आप और आपकी सरकार ने जनता के विश्वास को फिर से जीता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा की यह सफलता भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने खट्टर से आशा जताई कि उनकी सरकार आने वाले समय में हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

### नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर ....

औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, नए उद्योगों की स्थापना होगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह कदम राज्य को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाने में मदद करेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### एक और आदतन ....

रहे हैं। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राजीव नगर निवासी 34 वर्षीय दादू देसमाने के रूप में हुई है। मृतक युवक सेंटरिंग का काम करता था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर वार्ड 2 राजीव नगर दुर्ग निवासी अनिल साहू, किशन यादव, ग्राम पौव्वारा उतई विशाल देवांगन को पकड़ा गया।

### 6 से 7 लोग ....

हथियारों से हत्या किया गया था। इस मामले में तीन महिला और 6 पुरुषों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### भालू ने पी ...

बांस, लकडी पर चढ़कर उसे तोड़कर जोत कक्ष में प्रवेश किया। ज्योति कलश को बुझाकर उसके तेल को पी गए। भालुओं की आवाज सुनकर पड़ोसी घासी पटेल ने पुजारी ईश्वर पटेल को जगाया। उन्होंने बताया कि उनके पहुंचने तक भालू उत्पात मचा रहे थे। पड़ोसी और पुजारी ने जैसे-तैसे भालुओं को भगाया, परंतु कुछ देर बाद फिर से भालू ज्योति कक्ष में पहुंचकर बचे दीपों को तोड़कर तहस-नहस कर दिया।

### दादा साहेब फाल्के ....

हूं लेकिन इतनी बड़ी इज्जत...थैंक यू बोल सकता हूं भगवान को। जितनी तकलीफें उठाई भगवान ने शायद मुझे सूद के साथ उसे वापस कर दीं। यहां विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय सिनेमा दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग है, क्योंकि यह कई भाषाओं और क्षेत्रों में फिल्में बनाता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा, यह कला के क्षेत्र में सबसे विविध क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि आज पुरस्कार प्राप्त करने वाले 85 लोगों में से केवल 15 महिलाएं हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, आज करीब 85 लोगों को पुरस्कार मिला है, लेकिन उनमें केवल 15 महिलाएं हैं, फिल्म उद्योग में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में और अधिक प्रयास किए जा सकते हैं।

### मिथुन ने बताए ....

गया कि मैंने कुछ बड़ा कर दिया। नेशनल अवॉर्ड मलिने के बाद दिमाग तो खराब हो गया था। मैं खुद को अल पचीनो समझने लगा। मैं डायरेक्टर-प्रोड्यूसर के ऑफिस में जाकर ऊबासी लेने लगा था। मैं कहता था कि फिल्म की स्टोरी मेरे घर भेज देना। फिर एक प्रोड्यूसर ने मुझे मारा एक लात और बोला कि निकल यहां से। फिर समझ में आया कि अब कोई काम नहीं देगा। मुझे एक्टर तो सबने बाद में मान लिया। लेकिन मेरे रंग के कारण लोगों ने मुझे खूब ताने मारे।

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक/एसईसीएल/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2024/1204 दिनांक 27.09.2024

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोड़री के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए. एक्ट (ए एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई. एल. (आर. एन्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) concept के आधार पर 113 भू–स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार हैः–

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से सबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीद्वार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकुमार, कोमलसिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | 95/3<br>95/4<br>225/7<br>225/10<br>337/3 | 0.174<br>0.174<br>0.190<br>0.190<br>0.048 | 0.776 | अमित कुमार पिता राजकुमार (संबंध–पुत्र/ भतीजा) | नामांकन पत्र | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह (फौत पश्चात वारिशान – पुष्पलता, ना.बा. दुर्गेश ना.बा. दीपेश पिता संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/ दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह (फौत) वारिसान–ना.बा. दुर्गेश, ना.बा. दीपेश पिता संजय कुमार, पुष्पलता पति संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 29 | राजकुमार,कोमलसिंह,संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | ––– | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | राजकुमार,कोमलसिंह,संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | ––– | |
| | | | | | | बी–1 वर्ष 2017 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | बी–1 वर्ष 2022-23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी–2 वर्ष 2016-17 से 2020-21 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | पी–2 वर्ष 2022-23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | राजकुमार कोमलसिंह संजयकुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | ––– | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार (फौत) पत्नि पुष्पलता, पुत्र दुर्गेश, दीपेश | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ––– | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ––– | अमित कुमार पिता राज कुमार | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | ––– | 10TH - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR DOB - 27.02.1992<br>12TH - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>BE(Electrical and Electricals) - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>M.Tech - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ––– | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | आधार कार्ड | राज कुमार पिता विशाल सिंह, कोमल सिंह पिता विशाल सिंह कंवर, अजय कुमार कंवर पिता विशाल सिंह, पुष्पलता पति स्व. संजय कुमार | अमित कुमार पिता राज कुमार | |
| | | | | | | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3097 दिनांक 23.08.2023 के अनुसार | राजकुमार, कोमल सिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार (फौत) – विधिक वारिसान ना.बा. दुर्गेश कुमार कंवर, ना.बा. दीपेश कुमार पिता संजय कुमार, पुष्पलता कंवर पति संजय कुमार | | |
| | | | | | | मृत्यु प्रमाण पत्र | संजय सिंह कंवर पिता विशाल सिंह कंवर | | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL:24-25:192

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

## पेज एक के शेष

### उस्तादों ने शुरू किया...

सेवा मंडल, बाली अखाड़ा का संयुक्त रूप से संचालित करते आ रहे हैं। नवरात्रि पर्व पर यहां मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा शिव मंदिर में स्थापित की गई है। शक्ति की देवी की उपासना के पर्व की शुरुआत आज से 74 वर्ष पूर्व बुजुर्गों ने मोहल्ले के टेंगू रजक के घर में देवी प्रतिमा स्थापित करने से शुरू की। तीस वर्ष तक घर में ही देवी प्रतिमा स्थापित की गई। इस परंपरा को अब तीसरी पीढ़ी के लोग सम्हाल रहे हैं।

**समिति में आज भी उस्ताद और शागिर्द की परंपरा :** सेवाभावी इस समिति द्वारा सेवागीत भी प्रस्तुत किया जाता है, जो कई बार जिला सहित अन्य जिले के ग्रामीण इलाकों में शानदार प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत हो चुकी है। वहीं शहर की नामचीन बाली अखाड़ा को भी इसी समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है, जहां बच्चों से लेकर हर वर्ग के लोग अखाड़े की कला सीखकर पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। इस समिति में आज भी उस्ताद और शागिर्द की परंपरा चली आ रही है।

### नवरात्रि में सौ वर्ष...

में पर्व पर देवी मां की भव्य मूर्तियां स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। समिति में अब युवाओं का भी योगदान है, जो परंपरा को जारी रखने काफी उत्साहित रहते हैं।

### प्रसिद्ध मूर्तिकार स्वयं...

आर्केस्ट्रा में नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देते थे। देवी प्रतिमा का विसर्जन रात को किया जाता था। उस समय जनरेटर नहीं मिलने की स्थिति में गैस जलाकर रात में शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया जाता रहा। पूर्व में कई बार नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ देवी मूर्ति स्थापित करने के लिए कई बार पुरस्कार भी समिति को मिल चुका है।

### महामारी से बचाती हैं...

जब कभी कोई रोग फैलने लगता है, तब ग्रामीण माता दुलार देई की ही शरण में पहले जाते हैं। गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि मातारानी दुलार देई का मंदिर करीब 140 से 150 वर्ष पूर्व से स्थापित है। माता दुलार देई की प्रतिमा बस्तर से लाई गई थी। दुलार देई की बड़ी बहन का नाम गंगा देई माता है। दशकों पहले जब अज्ञात रोगों के प्रकोप के चलते ग्रामीणों की मौत होने लगी तब माता दुलार देई की प्रतिमा की स्थापना मंदिर बनाकर पुरखों ने की थी। इस मंदिर के प्रथम पुजारी सुधु शुंडी थे और अभी 5 वीं पीढ़ी के पुजारी बनसिंह हैं। इस मंदिर में ज्योत जलाने का क्रम करीब 20 साल से जारी है। टलनार गांव के अलावा आसपास के सुदूर गांवों के भक्त भी माता दुलार देई के दरबार में दोनों नवरात्रियों पर ज्योत जलवाने लगे हैं। मंदिर की सारी व्यवस्थाएं ग्रामीण मिलजुल कर करते हैं। दुलार देई को दंतेश्वरी माई का अंश माना जाता है।

### मेडिकल कॉलेज में...

'एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स' के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा, अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर अपने पैर पीछे खींचती रही, तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय की स्थिति में सुधार हो सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान रहेगा।

**मिथुन** – खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिश्रम अधिक रहेगा। मन के नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। आलस्य की अधिकता रहेगी।

**कर्क** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च अधिक रहेंगे।

**सिंह** – मन प्रसन्न रहेगा। लेखन और बौद्धिक कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आय में वृद्धि हो सकती है। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कन्या** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। पारिवारिक सुख में कमी आएगी। भवन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला** – परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में भी संयत रहें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी।


**धनु** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन में असहज रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। शिक्षा में व्यवधान आएंगे।

**मकर** – किसी मित्र के सहयोग से पैतृक कारोबार की पुनः शुरुआत हो सकती है। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक सुख में कमी आ सकती है। ऐसे में धैर्य बनाकर रखें।

## शब्द पहेली - 5657



**बाएँ से दाए**
1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5656 का हल



## सूडोकु नवताल 5668

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |


MARUTI SUZUKI
NEXA
STEP UP IN LIFE WITH THE GRAND VITARA DOMINION EDITION.
ENJOY SPECIAL SUV EXCHANGE BENEFITS & MORE.
GRAND VITARA
DOMINION EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO
₹52 699#
GRAND VITARA
GRAND CONSUMER OFFERS UP TO ₹20 000#
GRAND MARUTI SUZUKI SMART FINANCE OFFER
GRAND EXCHANGE BONUS UP TO ₹85 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#
Know more about The Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
RAIPUR: NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9111107011),
NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
DHAMTARI: NEXA DHAMTARI (SKY AUTOMOBILE PH: 9111107016, 9111107014).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for Oct '24 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला - दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

( दूरभाष / फैक्स नं. : 07856-252432,
E-mail ID- ddeorevenue.dante-cg@gov.in)

**-:: मुद्रण कार्य के लिए तृतीय निविदा सूचना ::-**

क्रमांक 125 दिनांक : 07.10.2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा में नगरपालिकाओं के आगामी आम चुनावों के लिए, नगरपालिकाओं की वार्डवार तैयार की गई निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है ) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में **दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक** प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
2. फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जावेगी।
3. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**कलेक्टर, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**
**वास्ते सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य**
**निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़**

G-242503050/2

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 159387 / निविदा सूचना क्र. 13 / वलेलि / 2024-25, दुर्ग दिनांक 07.10.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 24.10.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** – दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की सिंचाई कॉलोनी मोहन नगर दुर्ग में 08 नग आवासीय भवन एच - टाईप एवं जी - टाईप का जीर्णोद्वार एवं नव निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत** – रू. 296.14 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 14.10.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G-242503037/1

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2524221 Fax No. 0771-2574222

No. ED/Line/Works/ TR-2221/1384 Raipur, Date: 07.10.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited for the following transportation, Erection, Testing and Commissioning of 40 MVA transformer detailed as below:

| Sl No | TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) Purchase from O/o ED (Line)/ Downloaded from website | Date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2221 RFX No.- 8100039640 | Tender specification No. TR-2221 for job work for loading of 40 MVA (Make-ABB) power transformer from 220/132 KV S/s Bemetara and transportation (approx. 150 KM), unloading, dragging about 50 Mtr and Erection, Testing & Commissioning at 132/33 KV S/s Masturi (Malhar) | 16,800/- | 2,000/- | 29/10/2024 |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl_tendernotices/CSPTCL_Tender.htm.

SAVE ELECTRICITY

**EXECUTIVE DIRECTOR (Line)**
**CSPTCL, RAIPUR**

## PRESS NOTICE

**NOTICE INVITING e-tender**

Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (EPC Mode-I) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College at Janjgir Champa, Kabirdham, Manendragarh and Geedam in Chhattisgarh

Chhattisgarh Medical Services Corporation LTD. (CGMSCL), 4th Floor, CGHB Commercial Complex, South-East Corner, sector 27, Nava Raipur Atal Nagar Chhattisgarh 492015, as Executing Agency for the Construction Of Government Medical Colleges And Allied Infrastructure Development With Services At Four Locations In Chhattisgarh for this Project, invites online bids for Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (EPC Mode-I) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College at Janjgir Champa, Kabirdham, Manendragarh and Geedam in Chhattisgarh through e-tendering from eligible contractors/firms in two bid system for the following work:-

| Name and Description of work | Estimated cost (Rs.) | Completion period of Work | Last date to fill/ upload the bid through e- biding | Bid Security amount |
|---|---|---|---|---|
| Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (EPC Mode-I) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College at Janjgir Champa, Kabirdham, Manendragarh and Geedam in Chhattisgarh | Rs. 1020.60 Crs | 24 Months | 07.11.2024 Up to 17:00 Hrs. | Rs. 1020.60 Lakhs |

The bid document shall be available online from 11.10.2024
Pre-bid Meeting will be on date- 21.10.2024
For submission & other bid details, please refer detailed NIT available on websites www.eproc.cgstate.gov.in, e-Procurement System
छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा तहसील के ग्राम सरोरा (गोसदन) में स्थित शीतला माता का प्राचीन मंदिर है । गांव के बुजुर्गों के अनुसार बहुत पहले जब सरोरा गांव नही बसा था , तब यहां बीहड़ जंगल हुआ करता था । इस जंगल के बीच में झोपड़ी नुमा स्थान पर माता शीतला विराजित थीं। बाद में गांव वालों की नजर माता पर पड़ी तब यहां पर इस मंदिर का निर्माण कराया गया। बाद में आबादी घनी होने पर बस्ती के बीच में स्थित होने के कारण बस्ती का नाम देवला बस्ती नाम पड़ गया। पीपल वृक्ष की क्षत्र छाया में भक्तों और दानदाताओं के सहयोग से इस मंदिर का भव्य निर्माण कराया गया। यह मन्दिर लगभग 200 साल पुराना माना जाता है। धीरे धीरे भक्तों की मनोकामना पूरी होने पर आज हजारों की संख्या में दोनों नवरात्रि में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। मान्यता है कि माता कि कृपा के कारण यहां कभी आकाल नही पड़ा है और न ही कोई प्राकृतिक आपदा आई है। निःसंतान के अलावा दूर दूर से भक्तजन अपनी मंगल कामना की आस लिए वर्ष भर इस माता शीतला के दरबार में आते रहते हैं और मनोवांक्षित फल प्राप्त करते हैं।

लोक साहित्य

उर्मिला शुक्ल

## माता गौरी के श्रृंगार का वर्णन गीतों में



महादेव जब दुल्हा बन कर ब्याह के लिए जाते है, तब बारात को देखकर मैना रोने लगती है। बारात में भूत प्रेत को नाचते और महादेव की बारात को देख कर मैना दुखी हो जाती है। प्रश्न करती है कि यह जो माथे पर चंद्रमा है, वह कैसे मिला। जटा से बहने वाली गंगा तुम्हें कहां मिल गई? शरीर में सर्प क्यों लपेट लिया है? जोगी की तरह सारे अंग में भभूत लगा लिया है। तब शिवजी जवाब देते हैं कि यह सब मैंने गौरी को पाने के लिए किया है। इसी के लिए अंग में भभूत मल कर धूनी रमाया है और नंदी बैल पर चढ़कर वन वन अलख जगाया है। यह सुनकर मैया प्रसन्न हो जाती है और फिर भांवर पड़ती है। शिव पार्वती का विवाह संपन्न होता है और सब प्रसन्नता से विवाह का आनंद लेते मैया का श्रृंगार गीत गाते हैं -

*मइया पचरंग सहज सिंगार हो माय*
*सेते ककनिया सेते बहुटिया सेते धजा फहराई*
*लाल कोर के अंगिया बिराजे पहिरे लुगरा लाल*
*खात पान मुख लाल भयो हे सिर के सिंदूर लाल*
*पियरा सोन के तिलरी बिराजो पियरा सोन के ढार*
*पियरा हे तोर नाक नथुनिया रहे ओठ पर छाए*
*कारी कारी चूरिया मइया कारी हे गलपोत*
*कारी हे तोर माथे के बिंदिया बरत सुरुज के जोत*
*नीले के अंगिया नील के पौनिया नीले गलिन के हार*
*पंचरंग सारी पहिर भवानी मोहे जग संसार।*

गांव की कहानी

लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल

## गांव में प्रभु राम की होती है अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ



नव सृजित जिला सक्ति के ग्राम बघौद की एक अनोखी इतिहास है । यहां 1924 से प्रभु श्री राम के यश और गाथा को लेकर यहां अखंड राम नाम सप्ताह का हर वर्ष आयोजन होते आ रहा है । 2024 में 100 वर्ष पूरे हुए हैं और यह अनवरत जारी है । इस अखंड राम नाम सप्ताह में गांव के हर वर्ग के लोग इक्कठे होकर भजन कीर्तन करते हैं , पूरे सप्ताह भर उत्साह और उमंग रहता है । दूर दूर से लोग पहुंचते हैं और प्रभु राम की भजन कीर्तन करते हैं । माघ शुक्ल अष्टमी पर यह कार्यक्रम हर वर्ष होती है । मनोरंजन के लिए गांव के लोग अन्य गांव के कीर्तन मंडली को आमंत्रित कर पूरे सप्ताह भर प्रभु राम का यश गान करते हैं । इस आयोजन में गांव और आस पास के विवाहित बेटियां ससुराल से मायके आते हैं और इस यज्ञ में सामिल होकर अपने बचपन को याद करते हुए भजन कीर्तन का आनंद लेते हैं ।



# नॉन-जाट तो साधे ही जाटों के गढ़ में भी जीत लीं 9 नई सीटें सत्ता विरोधी लहर के बावजूद अपने पक्ष में बना लिया माहौल

## पार्टी वोट शेयर

**बीजेपी-39.94 %**
**कांग्रेस-39.09%**

### चौंकाने वाले रहे नतीजे, एग्जिट पोल ने की थी कांग्रेस की आंधी की भविष्यवाणी

*हरियाणा में बीजेपी के जीत निश्चित रूप से अप्रत्याशित है। अप्रत्याशित इसलिए कि 10 साल सत्ता में रहने के बाद पार्टी के सामने एंटी-इनकमबैंसी थी। टिकट बंटवारे के बाद पार्टी के कई नेताओं ने खुलकर बगावत कर दी थी। एग्जिट पोल में भी बीजेपी की हार की संभावना जताई गई. इन सबके बावजूद बीजेपी की जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। हरियाणा के 57 साल के इतिहास में पहली बार कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इस का अहम व निर्णायक कारण यह है कि हरियाणा में भाजपा का 'जाट वर्सेज नॉन जाट' का फॉर्मूला लगातार तीसरी बार काम किया है। भाजपा ने इस चुनाव में न केवल गैर जाटों को इकट्ठा कर लिया, वहीं जाटों के गढ़ में भी 9 नई सीटें भी जीत लीं।*

## हरियाणा में भाजपा ने सारे अनुमानों को झुठलाकर लगातार तीसरी बार हासिल की धमाकेदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे बेहद चौंकाने वाले रहे. चुनाव प्रचार और एग्जिट पोल में कांग्रेस की आंधी दिखी, लेकिन नतीजे बिल्कुल उलट आए. उनके लिए इस तथ्य को पचा पाना भी मुश्किल हो रहा है कि कांग्रेस, हरियाणा में लगातार तीसरी बार हार गई है। आइये डालते हैं बीजेपी की जीत के बड़े कारणों पर एक नजर...

### जाट बनाम गैर-जाट करने में सफल रही बीजेपी



बीजेपी हरियाणा चुनाव की लड़ाई को जाट बनाम गैर-जाट करने में सफल रही। गैर-जाटों को मैसेज दिया गया कि अगर हुड्डा सरकार वापस आई तो फिर वही आताताई सरकार आएगी जिसमें जीजा का बोलबाला होगा। दलितों में मैसेज दिया गया कि मिर्चपुर जैसे कांड होंगे। हरियाणा में 36 बिरादरियां हैं। इनमें 27% के साथ सबसे बड़ी कम्युनिटी जाट है। भाजपा ने गैर-जाट की राजनीति करनी शुरू की। पारंपरिक तौर पर सवर्णों की पार्टी कहलाई जाने वाली भाजपा ब्राह्मण, पंजाबी, बनिया और राजपूत वोटों को लेकर आश्वस्त थी। इसके अलावा पार्टी ने पिछड़े और दलित वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश की। ये फॉर्मूला 2014 और 2019 के बाद इस बार भी कामयाब रहा। कांग्रेस का अति-आत्मविश्वास, भूपेंद्र सिंह हुड्डा को उम्मीदवार तय करने में फ्री हैंड के साथ बहुत ज्यादा अहमियत ने चुनाव में जाट बनाम गैर-जाट ध्रुवीकरण को हवा दिया। ऊपर से बीजेपी ने नायब सिंह सैनी के तौर पर ओबीसी समुदाय का पहला मुख्यमंत्री देकर इस ध्रुवीकरण को और मजबूत ही किया। चुनाव से पहले बीजेपी ने दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी से दूरी बना ली जिसका कोर वोटर बेस जाट ही है। इसका भी बीजेपी को फायदा मिला।

### सैनी को चेहरा बनाना पार्टी के लिए फायदेमंद

बीजेपी ने नायब सिंह सैनी को चेहरा बनाकर सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करने में मदद की। चूंकि सीएम सैनी ओबीसी समुदाय से आते हैं और पार्टी ने एक ओबीसी नेता को प्रमुखता देकर समुदाय का एक मजबूत समर्थन हासिल किया है। सैनी की साफ छवि और आम लोगों के साथ उनकी पहुंच ने भी इसमें योगदान दिया।

### किसान आंदोलन को भी प्रभावी ढंग से संभाला

किसान आंदोलन के दूसरे चरण ने भी पार्टी को फायदा पहुंचाया। बीजेपी के एक नेता ने बताया कि पहले चरण के किसान आंदोलन के समय कानून व्यवस्था के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए शंभू बॉर्डर पर उन्हें रोका, जो पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। मसलन, अगर एक लाइन में कहें तो बीजेपी ने सत्ता विरोधी लहरे को संभालने में बड़ी कामयाबी हासिल की और यही वजह है कि पार्टी राज्य में बड़ी जीत हासिल की है।

### जेजेपी ने पहुंचाया फायदा

2019 के चुनाव में जेजेपी ने 10 सीटें जीती थीं। इनमें से 5 बागड़, 4 बांगर और 1 जीटी रोड बेल्ट की सीट थी। 2024 में जेजेपी का सफाया हो गया। जेजेपी की 10 सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। बीजेपी 4 सीटों पर काबिज है। इनमें बांगर और बागड़ बेल्ट की 2-2 सीटें हैं। वहीं कांग्रेस 6 सीटों पर कामयाब हुई। इनमें बागड़ बेल्ट की 3, बांगर बेल्ट की 2 और जीटी रोड बेल्ट की 1 सीट शामिल है। दरअसल, 2019 में चुनाव के बाद बीजेपी और जेजेपी ने अलायंस कर सरकार बनाई थी। जेजेपी के दुष्यंत चौटाला डिप्टी सीएम बने, लेकिन मार्च 2024 में जेजेपी ने अलायंस तोड़ दिया और बीजेपी से अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया। 2019 में जेजेपी के साथ हुए अलायंस का फायदा 2024 में बीजेपी को मिला और जेजेपी के हिस्से नुकसान आया।

### कुमारी सैलजा की नाराजगी

दलितों में कुमारी सैलजा को सबसे बड़ा जाटव नेता माना जाता है। कुमारी सैलजा की नाराजगी के कारण यह वोट बैंक कांग्रेस से खिसका. इसके अलावा इसमें टर्निंग पॉइंट अशोक तंवर की वापसी से आया। इससे सैलजा की जाति में मैसेज गया कि हुड्डा ने उनका कद कम करने के लिए तंवर की वापसी कराई है। दलितों को अपने पाले में लाने के लिए बीजेपी ने विशेष रूप से काम किया। कुमारी सैलजा की नाराजगी को बीजेपी ने अपने पक्ष में किया। सीएम पद से खट्टर को हटाने का फैसला सही रहा. खट्टर के चेहरे को प्रचार से दूर रखा गया, ताकि लोगों में उन्हें लेकर नाराजगी न हो. किसान, जवान के मुद्दे ने काम किया और किसानों को 24 फसलों पर एमएसपी और अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी का वादा भी पार्टी के लिए फायदेमंद रहा।

## भाजपा ने ऐसे कर दिया खेला

### 67% सीटें बचाईं 22 नई सीटें जीतीं

2019 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 40 सीटें जीती थीं। 2024 में इनमें से 27 सीटें रिटेन कर ली हैं। यानी मौजूदा हर 3 में से 2 सीट जीत ली है। इसके अलावा 22 नई सीटें भी जीतीं। दूसरी तरफ कांग्रेस ने 19 नई सीटें तो जीतीं, लेकिन 50% पुरानी सीटें रिटेन नहीं कर सकी। इससे कांग्रेस को नई सीटें जीतने का फायदा नहीं मिला।

### जाटों के गढ़ में 9 नई सीटें जीतीं

हरियाणा में बीजेपी लगातार तीसरी बार 'जाट वर्सेज नॉन-जाट' के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ी। हालांकि चुनावी मैनेजमेंट की बदौलत बीजेपी ने जाटों के गढ़ में भी घुसपैठ की है। बीजेपी ने 22 नई सीटें जीतीं, इनमें 9 सीटें जाट बहुल बागड़ और देशवाल बेल्ट में जीती हैं। इसके अलावा पंजाबी और शहरी बहुल जीटी रोड बेल्ट को एक्सपर्ट्स बीजेपी की कमजोर कड़ी मान रहे थे, लेकिन बीजेपी ने वहां भी 7 नई सीटें जीती हैं।

### 7 में से 5 इलाकों में अपनी सीटें बढ़ाईं

हरियाणा को 7 कल्चरल और पॉलिटिकल जोन में बांटा जाता है। 7 में से 5 इलाकों में बीजेपी ने 2019 के मुकाबले सीटों में इजाफा किया है। सिर्फ साउथ हरियाणा में एक सीट घटी है, जबकि मेवात इलाके में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## तीसरे मोर्चे के विफल रहने से नेकां-कांग्रेस ने बनाई सरकार

# पीडीपी सहित अलगाववादियों को नहीं मिला समर्थन, कश्मीर ने बुलेट की बजाय चुना बैलेट

हरियाणा की तरह ही जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम ने सबको चौंका दिया है। तमाम एक्जिट पोल ने यहां त्रिशंकु विधानसभा होने के अनुमान जताए थे और पीडीपी को किंगमेकर बताया था। सारे अनुमानों को झुठलाते हुए जम्मू कश्मीर में अब नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन सरकार बनाएगा, उसने बहुमत हासिल कर लिया है। चुनावी नतीजों में नेशनल कॉन्फ्रेंस ( 45+) सबसे आगे है, वहीं भाजपा (29 सीट) दूसरे नंबर पर रही है। चुनाव के नतीजों में पीडीपी का सूपड़ा साफ हो गया है। अलगाववादी उम्मीदवारों की भी भारी हार हुई है, जिनमें इंजीनियर राशिद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार भी शामिल हैं जो चुनावों में कोई सार्थक प्रभाव डालने में विफल रहे। आइए जानते हैं इन नतीजों के पीछे के कारण...



जीत के बाद श्रीनगर में उत्साहित नेकां कार्यकर्ता।

**पीडीपी हुई कमजोर :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पीडीपी का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। प्रतिबंधित जमात समर्थक उम्मीदवारों के निर्दलीय मैदान में आने का नुकसान पीडीपी को झेलना पड़ा। पीडीपी के खाते में केवल तीन ही सीटें आईं। कुपवाड़ा से फायज, तरल से रफीक अहमद और पुलवामा से वहीद-उर-रहमान ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में पीडीपी का कमजोर होना भी नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए फायदेमंद रहा। पीडीपी उम्मीदवार और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा महबूबा मुफ्ती ने अपनी हार स्वीकार करते हुए कहा कि मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। बिजबेहरा में सभी से मुझे जो प्यार और स्नेह मिला है, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा।

### नहीं चला रशीद फैक्टर

इंजीनियर रशीद बड़ा फैक्टर नहीं बन पाए और यह साबित हो गया कि लोकसभा चुनाव में उनकी जीत केवल तात्कालिक माहौल के कारण ही थी। इंजीनियर रशीद की अगुआई वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार चुनाव में कोई खास प्रभाव नहीं डाल पाए। इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) ने 44 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। हालांकि, उनके भाई और प्रवक्ता फिरदौस बाबा समेत कई प्रमुख हस्तियां असफल रहीं और कई की जमानत जब्त हो गई। वहीं, अफजल गुरु के भाई एजाज अहमद गुरु को सोपोर विधानसभा सीट पर करारी हार का सामना करना पड़ा।

## जम्मू की 6 नई सीटों ने बचा ली भाजपा की लाज !

अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हो रहे इस चुनाव में काफी कुछ बदला-बदला सा था। जम्मू-कश्मीर में इस बार 7 नई विधानसभा सीटें थीं। इनमें से जम्मू में 6 और कश्मीर रीजन में 1 सीट थी। जम्मू में पहले 37 और कश्मीर में 46 सीटें थीं। परिसीमन के बाद ये सीटें बढ़ाई गई थीं। बीजेपी को इन चुनावों में बेहतर करने की उम्मीद थी। बीजेपी ने पिछले विधानसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में 25 सीटें जीती थीं। इस बार 29 सीटें जीती हैं। बीजेपी की जीती सीटों की संख्या थोड़ी कम हो सकती थी, अगर परिसीमन के बाद जम्मू में 6 नई सीटें बढ़ी होतीं, क्योंकि इन 6 नई सीटों में से 5 में बीजेपी को जीत मिली है।

### जम्मू की 2 हिंदू बहुल सीटों पर हारी भाजपा

जम्मू रीजन में बीजेपी को हमेशा बढ़त मिलती रही है। इस बार बीजेपी को जम्मू रीजन में अच्छा करने की उम्मीद थी। हालांकि, बीजेपी जम्मू की दो हिंदू बहुल सीट- बानी और रामबन में चुनाव हार गई। बानी में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. रामेश्वर सिंह ने बीजेपी के जीवन लाल को 2,048 वोटों के अंतर से हरा दिया। 2014 के चुनाव में जीवन लाल ने यहां से चुनाव जीता था। वहीं, रामबन में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अर्जुन सिंह राजू जीत गए हैं। उन्होंने इस चुनाव में बीजेपी के बागी नेता और निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह परिहार को 9,013 वोटों से हराया। बीजेपी उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर तीसरे नंबर पर रहे।

## खबर संक्षेप

### वांगचुक का प्रदर्शन आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर या अन्य उचित स्थान पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने संबंधी याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा। इस संबंध में दाखिल याचिका का मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मंगलवार को तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किया गया लेकिन पीठ ने मामले को बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### इमरान के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता एवं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर मंगलवार को 'हत्या के प्रयास' का एक नया मामला दर्ज किया गया। यह मामला पिछले हफ्ते यहां उनकी पार्टी द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत से जुड़ा है। "राज्य की ओर से संघीय राजधानी के नून थाने में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ ही आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।"

### हैती में हुए क्रूर सामूहिक हमले में 70 लोग मारे गए

**पोंट-सोंडे (हैती)।** मध्य हैती के छोटे से शहर पोंट-सोंडे में बृहस्पतिवार को रात के अंधेरे में एक गिरोह के सदस्यों ने हमला कर 70 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। गिरोह के दर्जनों सदस्यों के पास चाकू और राइफलें थी। हमले के दौरान लोग सो रहे थे। गोलियों और चीख-पुकार से पूरा शहर जाग उठा। जो लोग गोली से बच गए, उन्हें चाकू घोंप दिया गया। हमलावरों ने घरों को जलाकर खाक कर दिया।

भारत के साथ रिश्तों और बातचीत पर बोला पाक

# 'भारतीय विदेश मंत्री की टिप्पणियों पर गौर करें'

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



पाकिस्तान ने आगामी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता की संभावना से इनकार किया है। एस जयशंकर की यात्रा के बारे में पूछे जाने पर पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा, 'मैं चाहूंगी कि आप भारतीय विदेश मंत्री द्वारा 5 अक्टूबर को की गई टिप्पणियों पर गौर करें, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद की उनकी आगामी यात्रा एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए है, न कि पाकिस्तान-भारत संबंधों पर चर्चा के लिए। उनकी ये टिप्पणियां अपने आप में संकेत देती हैं। इस शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेंगे। उनके नेतृत्व में भारत सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद जाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने कुछ दिन पहले कहा था कि उनकी आगामी पाकिस्तान यात्रा एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए होगी, द्विपक्षीय वार्ता के लिए नहीं।

### यह कहा था जयशंकर ने

पिछले हफ्ते विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद की उनकी यात्रा के दौरान एजेंडे में भारत-पाकिस्तान मुद्दों पर बातचीत नहीं है। जयशंकर ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'इस महीने के मध्य में एससीओ समिट के लिए मेरा पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम है। यह सरकार के प्रमुखों का शिखर सम्मेलन है। मैं वहां भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने के लिए नहीं जा रहा हूं। मैं वहां एससीओ के एक अच्छे सदस्य के रूप में जा रहा हूं।'

## मां काली की अर्चना...



प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में दुर्गा पूजा समारोह के दौरान देवी काली की वेशभूषा में सजे कलाकार।

## धौलागिरी पर्वत से फिसले पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** धौलागिरी पर्वत पर लापता हुए पांच रूसी पर्वतारोही मंगलवार को सात हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान में शामिल हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के अनुसार, पांचों रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान रविवार को विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे। पर्वतारोहियों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शपीलेवोई के रूप में हुई है। सुबह छह बजे उच्च शिविर से रवाना होने के बाद शिखर पर चढ़ाई के प्रयास के दौरान इनका आधार शिविर से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने 'पीटीआई' को बताया कि वे सभी एक रस्सी के सहारे 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर बढ़ रहे थे और इस दौरान लापता हो गए। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से 7,700 मीटर की ऊंचाई पर शवों को ढूंढा गया।

### देखते ही देखते बदल गई भाजपा और कांग्रेस मुख्यालयों की तस्वीर

# सुबह 24 अकबर रोड पटाखों से गूंजा, दोपहर तक भाजपा मुख्यालय पर बंटने लगी जलेबियां

## हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक को गले नहीं उतार पाई कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हरियाणा में भाजपा की जीत की धमक दिल्ली में खूब सुनाई दी। एक्जिट पालों को खोखला साबित करते हुए भाजपा ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार विधानसभा का चुनावी दंगल जीत लिया। सुबह जब पहले दौर के रूझानों में कांग्रेस 60 सीटों पर बढ़त बनाती दिखी तो कांग्रेस 24 अकबर रोड पर पार्टी कार्यकर्ता पटाखे फोड़ने लगे, मिठाईयां बंटने लगी। उधर, भाजपा मुख्यालय पर सन्नाटा पसरा हुआ था। लेकिन दस बजते-बजते बाजी पलटने लगी। भाजपा रूझानों में आगे बढ़ी और फिर लगातार आगे ही बढ़ती रही। नतीजा ये हुआ कि कांग्रेस मुख्यालय पर खामोशी पसरने लगी, नेताओं के चेहरों पर मायूसी दिखने लगी और भाजपा मुख्यालय पर जलेबियां बंटने लगी। शाम होते होते यह तय हो गया कि भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

### कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से ही जमघट

कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ताओं का जमघट लगना शुरू हो गया था। एक्जिट पोल के अनुमानों से हर कोई मान बैठा था कि हरियाणा का किला कांग्रेस ही फतह करेगी। पार्टी कार्यकर्ता मिठाईयों के डिब्बों के साथ अकबर रोड पर पहुंच रहे थे। ढोल नगाड़ों का इंतजाम था। दिवाली से पहले ही दिवाली मनाने की तैयारी कांग्रेस के दफ्तर पर थी। जैसे ही पहले दौर के शुरूआती रूझान आये तो कांग्रेस पार्टी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। हो भी क्यों नहीं, सभी न्यूज चैनल्स कांग्रेस को 55 से 60 सीटों पर आगे दिखा रहे थे। भाजपा इस दौरान 18 से 20 सीटों पर ही बढ़त बना पा रही थी। कांग्रेस मुख्यालय पर जश्न शुरू हो गया। हरियाणा के साथ साथ कांग्रेस के लिए जम्मू कश्मीर के रूझान भी खुशी का पैगाम ला रहे थे। पटाखें फोड़े जाने लगे। कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाने लगे। कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी एक-दूसरे को बधाई देने लगे।

### भाजपा मुख्यालय पर लहराया भगवा

दोपहर 12 बजे तक भाजपा टक्कर में दिखने लगी। एक बजते-बजते भाजपा रूझानों में जीत की तरफ आगे बढ़ती नजर आने लगी। भाजपा मुख्यालय पर भगवा लहराने लगा। कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का ध्वज लेकर पहुंचने लगे। नारेबाजी होने लगी। ढोल बजने लगे। बधाईयां देने लेने का सिलसिला शुरू हो गया। सबका फोकस सिर्फ हरियाणा पर था। जम्मू-कश्मीर को लेकर कोई टेंशन भाजपाईयों के चेहरे पर नहीं थी। हरियाणा की जीत जैसे अप्रत्याशित हो, ऐसा हाव-भाव भी खूब दिखा। शाम चार बजे तक तस्वीर साफ हो चुकी थी। नगाड़े बज रहे थे। भाजपा के नेताओं से पार्टी मुख्यालय भर चुका था। ये जीत की हैट्रिक थी। हरियाणा ने पांच दशक के बाद हैट्रिक का रिकार्ड जो तोड़ा था।

# इजरायल पर हिजबुल्लाह ने रात भर बरसाए रॉकेट



**तेल अवीव।** पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमलों के बाद से इजरायल गाजा में लगातार जंग लड़ रहा है। इस बीच हमास के हमले के एक साल होने के मौके पर हिजबुल्लाह ने इजरायल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा को निशाना लगाया। सोमवार को हिजबुल्लाह ने इजरायलियों पर रात भर दर्जनों रॉकेट दागे हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ जब देश में 7 अक्टूबर के हमले के बाद से शुरू हुए जंग के खिलाफ जमकर विरोध हुए हैं। गाजा में शुरू हुई यह जंग अब पूरे पश्चिम एशिया में फैल गई है और क्षेत्रीय युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

### हमास का सहयोगी है लेबनान

ईरान समर्थित हिजबुल्लाह लेबनान में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास का एक सहयोगी है। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने 'फादी 1' मिसाइलों से हाइफा के दक्षिण में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया और 65 किमी दूर तिबेरियस पर एक और हमला किया। वहीं इजरायली सेना ने बताया है कि सोमवार को लगभग 190 प्रोजेक्टाइल इजरायली क्षेत्र में घुसे थे। इन हमलों में कम से कम 12 लोग घायल हो गए हैं।

# टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए 552 छक्के जड़ चुके हैं रोहित, ये बल्लेबाज भी हैं लिस्ट में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 14 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 छक्के जड़े। उनकी स्ट्राइक रेट 207.14 की रही। इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पूर्व भारतीय दिग्गज सुरेश रैना के आगे निकल गए हैं। ऐसे में आइए टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।




### रोहित शर्मा (552 छक्के)

सूची में पहले स्थान भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2007 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 448 मुकाबले खेले हैं। इसकी 435 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 525 छक्के लगाए हैं। उनके बल्ले से 30.88 की औसत और 134.76 की स्ट्राइक रेट से 11,830 रन निकले हैं। रोहित ने अपने टी-20 करियर में 1,069 चौके भी लगाए हैं।

## सूर्यकुमार यादव शीर्ष खिलाड़ियों में आ गए

### विराट कोहली (416 छक्के)

विराट कोहली इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2007 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 399 मुकाबले खेले हैं और इसकी 382 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 416 छक्के लगाए हैं। कोहली 71 पारियों में नाबाद भी रहे हैं। उनके बल्ले से 41.43 की औसत और 134.20 की स्ट्राइक रेट से 12,886 रन निकले हैं। कोहली ने अपने टी-20 करियर में 1,144 चौके भी लगाए हैं।




### सूर्यकुमार यादव (328 छक्के)

सूर्यकुमार इस सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। साल 2010 में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेलने वाले इस खिलाड़ी ने अब तक 293 मुकाबले खेले हैं और इसकी 270 पारियों में 328 छक्के लगाए हैं। इस खिलाड़ी की औसत 35.17 और स्ट्राइक रेट 152.80 की रही है। सूर्यकुमार ने अपने टी-20 करियर में 53 बार नाबाद रहते हुए 7,634 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने अपने टी-20 करियर में 763 चौके भी जड़े हैं।



### महेंद्र सिंह धोनी (338 छक्के)

दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2006 में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 391 टी-20 मैच खेले हैं। इसकी 342 पारियों में 338 छक्के लगाने में धोनी सफल रहे हैं। उन्होंने 38.11 की औसत और 135.64 की स्ट्राइक रेट से 7,432 रन भी बनाए हैं। धोनी के बल्ले से टी-20 क्रिकेट में 517 चौके निकले हैं।

## खबर संक्षेप



### धोनी-कोहली को पछाड़ पांड्या बन गए नंबर-1

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के बाद हार्दिक पांड्या टीम इंडिया के व्हाइट बॉल क्रिकेट के बेस्ट ऑलराउंडर और गेम फिनिशर बन गए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला हो या आईपीएल, हर जगह पांड्या का बोलबाला रहा है। सभी खेलों में हार्दिक अपने बल्ले और गेंद से तबाही मचाते हैं। इसी के साथ हार्दिक टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत के सबसे स्टाइलिश फिनिशर भी बन गए हैं। आपको बता दें, टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलों में सबसे ज्यादा मैच छक्का लगाकर खत्म करने के मामले में पांड्या टीम इंडिया के नंबर 1 फिनिशर बन गए हैं। इस सूची में टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का नाम भी है। धोनी ने तीन बार छक्का लगाकर मैच खत्म किया है। वहीं, कोहली ने यह कारनामा चार बार कर उनसे आगे निकल चुके हैं। पांड्या ने यह कारनामा पांचवीं बार किया।

### सिटसिपास ने मुलर को हराया, मेदवेदेव से मुकाबला



**शंघाई।** स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया। चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया।

### विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में

**मुंबई।** विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।




अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में क्रिकेट के दिग्गज रायपुर में बरसाएंगे चौके-छक्के

टूर्नामेंट का आगाज 17 को, रायपुर में 28 को भारत-इंग्लैंड होंगे आमने-सामने

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की हुई घोषणा, भारत समेत 5 देशों की टीम लेंगी हिस्सा

रायपुर में होंगे कुल आठ मैच, 2 सेमीफाइनल, 8 दिसंबर को होगा फाइनल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर से क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी चौके-छक्के मारते नजर आएंगे। मंगलवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की घोषणा हुई। 17 नवंबर से शुरू होने वाले इस लीग मैच में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका व ऑस्ट्रेलिया समेत इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका टीम हिस्सा लेंगी। रायपुर में 8 मैच होंगे, जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी शामिल हैं। फाइनल मैच 8 दिसंबर को खेला जाएगा। सभी मैच रोज सायंकाल 7.30 बजे से प्रारंभ होंगे।

### रायपुर में भारत और इंग्लैंड होंगे आमने-सामने

लीग का 11 वां मैच 28 नवंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस दौरान भारत और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत नवी मुंबई में 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक रोमांचक मुकाबले से होगी। दूसरे मैच में शेन वॉटसन की ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना जैक्स कैलिस की दक्षिण अफ्रीकी टीम से होगा। श्रीलंका और इयोन मॉर्गन की इंग्लैंड की टीम के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा और उनकी वेस्टइंडीज टीम, ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला करने के लिए मैदान पर लौटेगी, जो रोमांचक मुकाबला होगा।

### गावस्कर बोले- रोमांचक होगी लीग



लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा, हर देश के दिग्गज इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में खेलेंगे। इसलिए यह एक रोमांचक लीग होगी, जिसमें करीबी मुकाबले होंगे। मुझे यकीन है कि मैदान पर आकर और टेलीविजन पर खेल देखने वालों के लिए यह शानदार मौका होगा।

### सचिन भारत के व वॉटसन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान सचिन तेंदुलकर होंगे। इसके अलावा ब्रायन लारा वेस्टइंडीज, कुमार संगकारा श्रीलंका, शेन वॉटसन ऑस्ट्रेलिया, इयोन मॉर्गन इंग्लैंड और जैक्स कैलिस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान होंगे। रायपुर में क्रिकेट प्रेमी सचिन तेंदुलकर के साथ-साथ सुरेश रैना, हरभजन, दिनेश कार्तिक समेत अन्य दिग्गज खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलते देख सकेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग के कार्यक्रम

| तारीख | स्थान | मैच कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 17-11-2024 | मुंबई | भारत बनाम श्रीलंका |
| 18-11-2024 | मुंबई | ऑस्ट्रेलिया बनाम द.अफ्रीका |
| 19-11-2024 | मुंबई | श्रीलंका बनाम इंग्लैंड |
| 20-11-2024 | मुंबई | वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 21-11-2024 | लखनऊ | भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 23-11-2024 | लखनऊ | दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड |
| 24-11-2024 | लखनऊ | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 25-11-2024 | लखनऊ | वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका |
| 26-11-2024 | लखनऊ | इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 27-11-2024 | लखनऊ | वेस्टइंडीज बनाम द.अफ्रीका |
| 28-11-2024 | रायपुर | भारत बनाम इंग्लैंड |
| 30-11-2024 | रायपुर | श्रीलंका बनाम इंग्लैंड |
| 01-12-2024 | रायपुर | भारत बनाम वेस्टइंडीज |
| 02-12-2024 | रायपुर | श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 03-12-2024 | रायपुर | वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड |
| 05-12-2024 | रायपुर | सेमीफाइनल 1 |
| 06-12-2024 | रायपुर | सेमीफाइनल 2 |
| 08-12-2024 | रायपुर | फाइनल |

सभी मैच शाम 7.30 बजे से




मैच आज शाम 7 बजे से दिल्ली में

## भारत बांग्लादेश से सीरीज जीतने लगाएगा दमखम, भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज 9 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज में सूर्यकुमार यादव की टीम ने 1-0 की बढ़त ले ली है। पहले मुकाबले में उन्होंने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया था। दूसरा मुकाबला जीतकर भारतीय टीम सीरीज में अजेय बढ़त लेना चाहेगी। वहीं बांग्लादेश किसी भी हालत में यह मैच जीतकर सीरीज को बचाने की जुगत में रहेगी। आज का मुकाबला सीरीज का फैसला कर देगा। अगर भारत मैच जीतता है तो वह सीरीज जीत जाएगा और बांग्लादेश जीत जाता है तो सीरीज का आखिरी मैच काफी रोमांचक हो जाएगा। बांग्लादेश टेस्ट मैच के बाद टी-20 में भी क्लीन स्वीप से बचने की जुगत लगाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला यह मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होगा। भारत में इस मैच को स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क और जियो सिनेमा ऐप पर देखा जा सकता है।

## आयरलैंड ने किया बड़ा उलटफेर, वनडे में दूसरी बार द. अफ्रीका को हराया

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

आयरलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच अबुधाबी में खेली गई तीन वनडे की सीरीज के आखिरी मुकाबले में आयरलैंड ने जीत दर्ज की। ये दूसरा मौका है, जब वनडे में आयरलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया। तीसरे वनडे में 285 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीकी टीम 215 रन पर ढेर हो



गई और इस तरह आयरलैंड ने 69 रन से मैच जीता। पॉल स्टर्लिंग ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 92 गेंद में 88 रन ठोके।

महिला टी20 विश्व कप

## बड़ी जीत से रन रेट में सुधार करने उतरेगी टीम इंडिया




एजेंसी ▶▶| दुबई

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में आज बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

### बल्लेबाजों कर लचर प्रदर्शन बड़ी समस्या

भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी।

### गेंदबाजों पर टिकी है भारत की जीत-हार

मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर से अधिक सहयोग की जरूरत है। पूजा पिछले मैच में नहीं खेली थी। भारतीय टीम स्पिन विभाग में दीप्ति शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है लेकिन वह टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर आशा शोभना ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना :** भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि ग्रुप के अंतिम मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से होगा। श्रीलंका के खिलाफ भारत को केवल जीत नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत है जिससे कि उसके नेट रन रेट में सुधार हो सके।

## अली ने इंग्लैंड के खिलाफ लगाया पहला टेस्ट शतक

*रावलपिंडी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलमान अली आगा ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले मुल्तान टेस्ट में शानदार शतकीय पारी खेली है। उन्होंने मैच के दूसरे दिन के दौरान अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक लगाया। यह इंग्लिश टीम के विरुद्ध उनके बल्ले से निकलने वाला पहला शतक रहा। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने टेस्ट करियर में 1,000 रन भी पूरे किए।*




*पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने जब 396 के स्कोर पर अपना छठा विकेट गंवाया, तब सलमान क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए बेहतर नजर आ रही मुल्तान की पिच पर तेजी से रन बटोरे। उन्होंने निचले क्रम में शाहीन अफरीदी का अच्छा साथ मिला। इस जोड़ी ने मिलकर नौवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 550 के करीब पहुंचाया। वह 10 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत 104 रन बनाकर नाबाद रहे।*

## पाल नौकायन : भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में 7 पदक जीते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। लड़कियों के 'ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15' वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया।



### लड़कों के वर्ग ने भी दिखाया दमखम

लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### मान्या रेड्डी स्वर्ण पदक जीतने से चूकीं

भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गईं और यूएई की कैमेलिया अल कुबैसी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। यह प्रतियोगिता चार से सात अक्टूबर तक आयोजित की गई जिसमें ओमान, यूएई, कतर, कुवैत, थाईलैंड, सिंगापुर और भारत के कुल 106 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

एशियाई चैम्पियनशिप में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराया

## अयहिका-मनिका ने दक्षिण कोरिया को हराकर एशियाई टेटे चैम्पियनशिप में पदक किया पक्का

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया को क्वार्टर फाइनल में 3-2 से हराकर एशियाई चैम्पियनशिप में पहला पदक सुनिश्चित किया। दुनिया की 92वें नंबर की खिलाड़ी अयहिका मुखर्जी इस जीत की सूत्रधार रहीं जिन्होंने दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी शिन युबिन और दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी जियोन जिही को हराया।भारतीय पुरूष टीम बुधवार को क्वार्टर फाइनल खेलेगी ।




### अयहिका-मनिका ने दिलाई बढ़त

अयहिका और मनिका बत्रा ने भारत को 2-0 की अप्रत्याशित बढत दिला दी थी लेकिन दक्षिण कोरिया ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया। इसके बाद अयहिका ने जिही को हराकर भारत को जीत दिलाई। अयहिका पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टीम का हिस्सा नहीं थीं लेकिन अर्चना कामथ के संन्यास के बाद वह इस टीम में लौटीं।

### कई खिलाड़ियों को अयहिका दे चुकीं मात

इस साल की शुरूआत में विश्व टीम चैम्पियनशिप में अयहिका ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी चीन की सुन यिंगसा को हराया था । उन्होंने आठवीं रैंकिंग वाली युबिन को 11-9, 7-11, 12-10, 7-11, 11-7 से हराया। वहीं 29वीं रैंकिंग वाली मनिका ने 16वीं रैंकिंग वाली जियोन जिही को 12-14, 13-11, 11-5, 5-11, 12-10 से मात दी।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

भारत की सर्वोच्च रैंकिंग (26वीं) वाली खिलाड़ी श्रीजा अकुला को ली युन्ही के हाथों 6-11, 10-12, 8-11 से पराजय झेलनी पड़ी। युबिन ने मनिका को 13-11, 11-4, 6-11, 7-11, 12-10 से हराया। इसके बाद निर्णायक मुकाबले में अयहिका ने जिही को 7-11, 11-6, 12-10, 12-10 से मात दी।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़, 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर, हथियार सहित नक्सली सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

ग्राम गच्चनपल्ली के जंगल-पहाड़ी में फोर्स और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली को मार गिराया गया है। फोर्स को यह सूचना मिली थी कि थाना किस्टाराम एवं भेज्जी क्षेत्रान्तर्गत डब्बाकोंटा, एंटापाड़, बुर्कलंका पामलूर, सिंघनमड़गू व आस-पास क्षेत्र में कोंटा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति है।

जानकारी के अनुसार नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 6 अक्टूबर को जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा वाहिनी, 208 कोबरा वाहिनी, 131 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 212 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी रवाना हुई। अभियान के दौरान ग्राम गच्चनपल्ली के जंगल-पहाड़ी को सर्च करते हुए आगे बढ़ रहे थे, तभी 7 अक्टूबर के शाम घात लगाकर नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। नक्सली अपने आपको घिरता हुआ देखकर जंगल-पहाड़ी की आड़ लेकर भाग खड़े हुए, मुठभेड़ लगभग 25-30 मिनट तक चली। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल व आस-पास की एरिया में सर्चिंग करने पर 1 पुरुष नक्सली का शव व 1 पिस्टल, 4 जिंदा राउण्ड, 1 पिट्ठू, जिसके अंदर गांठ लगा हुआ कोर्डेक्स वायर लगभग 2 मीटर, 1 जोड़ी काली वर्दी, 4 जिलेटिन रॉड, 4 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 2 बैनर, 1 रेडियो, 1 कैलकुलेटर, नक्सल साहित्य, 1 चाकू, 2 बम फटाका, दवाइयां एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया।




## 5 लाख का इनामी था

मारे गए नक्सली की शिनाख्तगी पोट्टाम लोकेश निवासी पश्चिम बस्तर बीजापुर, नक्सल संगठन में पद किस्टाराम एरिया कमेटी, इनामी 5 लाख के रूप में की गई है। मारा गया नक्सली 2011 में भर्ती होकर 1 वर्ष तक पश्चिम बस्तर डिविजन अन्तर्गत गंगालूर एरिया कमेटी में सक्रिय रहा, 2012 में पश्चिम बस्तर कंपनी 2 का सदस्य के रूप में कार्य किया, 2013 में सी.सी. प्रोटेक्शन कंपनी नंबर 7 में रह कर पूर्व सेन्ट्रल कमेटी महासचिव गणपति का गार्ड में 2022 तक सक्रिय था, 2022 माह मई से किस्टाराम एरिया कमेटी में तबादला किया गया एवं दिसम्बर 2023 में किस्टाराम एरिया कमेटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। मृत नक्सली की पत्नी कट्टम बंजनी निवासी टेकलगुड़ा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, संगठन में किस्टाराम एरिया कमेटी अन्तर्गत पडियोरा पोल्लो कमेटी अध्यक्षा के पद पर सक्रिय है।

# इस देश में 90 फीसदी मुसलमान पर डूबे हैं 'रामभक्ति' में

**जकार्ता।** अगर किसी मुस्लिम बहुल देश में भगवान राम, माता सीता और बजरंगबली हनुमान को माना जाता हो, तो ये अनोखी बात होगी। आज हम आपको ऐसे ही अनोखे देश के बारे में बताएंगे, जहां उतनी ही शिद्दत से रामलीला खेली जाती है, जितनी धूमधाम से भारत में होती है। ये देश दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश इंडोनेशिया है। यहां मुस्लिम लोग ही रामलीला का मंचन करते हैं ।



## मुस्लिम करते हैं रामलीला का मंचन

यहां मुस्लिम लोग ही रामलीला का मंचन करते हैं और वही भगवान राम और दूसरे चरित्रों को निभाते हैं। इस देश के जावा और बाली में रामायण बैले (नृत्य नाटिका) का आयोजन साल 1961 से लगातार चल रहा है।



Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

## व्रत में खाते हैं राजगिरा का आटा, ये फल है या अनाज?



नई दिल्ली। नवरात्रि में पूरे नौ दिन का व्रत रखने वाले लोग कुछ चीजें हैं, जिन्हें खाकर एनर्जी हासिल करते हैं। ऐसे ही सुपरफूड्स में शामिल है- राजगिरा।

**क्या होता है राजगिरा या अमरन्द :** आमतौर पर लोग सिंघाड़े या कुट्टू का आटा व्रत-उपवास के दौरान खूब इस्तेमाल करते हैं। पूरी-पकौड़ी, रोटियां या हलवा बनाने के लिए सिंघाड़े और कुट्टू के आटे का प्रयोग किया जाता है। हालांकि, इस दौरान राजगिरे का आटा भी खाया जाता है, जिसके बारे में लोगों को थोड़ी कम जानकारी है।

**विदेश में माना जाता है सुपरफूड :** राजगिरा वैज्ञानिक दृष्टि से **Amarantheceae** फैमिली में आता है। इसका नाम **Amaranthus cruentus** है, जिसे अफ्रीकन पालक भी कहा जाता है। भारत में इसे चौलाई के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी कुछ प्रजातियां साग के तौर पर इस्तेमाल होती हैं। इसी एमरैंथ के पौधे के फूल में पड़ने वाले छोटे-छोटे बीज ही दरअसल वो राजगिरा है, जिसे सुखाकर आटा या फिर पॉप करके रामदाने के लड्डू बनते हैं।






Honda Exclusive Authorized Dealerships: AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com